डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 मई 2024 शनिवार

आज का मौसम
40 अधिकतम
27 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## भाजपा के संपर्क में स्वाति मालीवाल!



काल डिटेल, व्हाटस ऐप चैट की जांच की मांग

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आप सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले पर अब दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल पर एंटी करप्शन ब्यूरो का एक भर्ती घोटाले का मामला चल रहा है। अब इस मामले में जांच चल रही है। इसलिए ऐसा लगता है कि भाजपा का ये जो फॉर्मूला है कि अलग-अलग नेताओं पर केस करना, उसी फॉर्मूले को स्वाति मालीवाल पर इस्तेमाल किया गया होगा। आतिशी ने कहा है कि हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पिछले कुछ महीनों से वे (स्वाति मालीवाल) लगातार भाजपा के नेताओं के संपर्क में हैं तो दिल्ली पुलिस इस बात की जांच करे कि ये कैसा षडयंत्र है। स्वाति के लिये भी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, आयकर विभाग, आर्थिक अपराध शाखा फार्मूले का इस्तेमाल किया गया। मालीवाल किस-किस के संपर्क में थीं, किन-किन भाजपा नेताओं से कब-कब मिलीं, कॉल और व्हाट्सएप पर क्या बातचीत हुई यह जांच जरूरी है।

**गिरफ्तारी:** मालीवाल से मारपीट मामले में आरोपी विभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने आज एम हाउस से हिरासत में ले लिया। उनके मेडिकल के लिये अस्पताल ले जाने के बाद गिरफ्तारी हो सकती है।

## रेवन्ना सेक्स वीडियो मामले में आरोपी का डीके पर आरोप



**बेंगलुरू एजेंसी।** कर्नाटक के जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स टेप केस में बीजेपी नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने उन्हें सेक्स टेप केस में कुमारस्वामी को फंसाने के बदले में 100 करोड़ रुपए रिश्वत देने की पेशकश की थी। फिलहाल गौड़ा यौन उत्पीड़न के एक मामले गिरफ्तार होने के बाद न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने पुलिस वैन में जाते समय डीके शिवकुमार पर यह आरोप लगाया। गौड़ा ने कहा शिवकुमार चाहते थे कि मैं वीडियो बांटने के लिए एचडी कुमारस्वामी को दोषी ठहराऊं. उन्होंने मुझे सुरक्षा देने का वादा भी किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्तिक (प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर) से पेन ड्राइव प्राप्त करने के लिए भी डीके ही जिम्मेदार हैं।

### पांचवे चरण का चुनाव प्रचार शाम तक, छठे चरण में जुटे दिग्गज

# दिल्ली की जंग: मोदी का पहला शो, राहुल की रैली में केजरीवाल को न्योता नहीं

**नई दिल्ली/ भोपाल दोपहर मेट्रो, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का चुनाव प्रचार आज समाप्त होने वाला है, वहीं छठे चरण में दिल्ली की सभी 7 सीटों पर भी मतदान के लिये भी सियासी सूरमा मैदान में उतर गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी न आज यहां रोड शो, रैली सभा के जरिया आमने सामने हैं। दोनों नेताओं की दिल्ली में यह पहले कार्यक्रम हैं। राहुल संग केजरीवाल भी मौजूद रहेंगे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के अंबाला और सोनीपत में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। इसके बाद वे दिल्ली के नॉर्थ ईस्ट लोकसभा क्षेत्र में अपनी पहली चुनावी रैली करेंगे। इन दो रैलियों में ही दिल्ली के सातों सीटें कवर की जाएंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के झांसी और बांदा में जनसभा के बाद शाम को अमेठी में रोड शो करने वाले हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में सभा कर रहे हैं, कल यहां मोदी ने सभा की थी। राहुल इसके बाद शाम को दिल्ली के रामलीला मैदान में जनसभा करने वाले हैं।



### मुख्यमंत्री मुंबई में कर रहे प्रचार



मुख्यमंत्री मोहन यादव आज मुंबई प्रवास पर हैं। उनकी चुनावी दौरे की शुरुआत नारिमन प्वाइंट स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता से हुई है। इसके बाद वे मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा के शिवाजी पार्क दादर में आयोजित शोभा यात्रा में शामिल होंगे तथा शाम को दक्षिण लोकसभा के लालबाग, मेघवाडी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### अलग-अलग प्रचार करेंगे कांग्रेस-आप

राहुल गांधी की आज दिल्ली में पहली चुनावी रैली में आम आदमी पार्टी चीफ अरविंद केजरीवाल को न्योता नहीं देना चर्चा का विषय है। यह सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर इसकी क्या वजह है। कहा जा रहा है कि स्वाति मालीवाल के साथ सीएम हाउस में मारपीट हुई मामले में आरोप केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर लगे हैं. इसलिए कांग्रेस के फैसले को इस घटना से जोड़कर भी देखा जा रहा है लेकिन अब कांग्रेस ने सफाई दी है और कहा है कि यह कोई संयुक्त रैली नहीं है और जिस समय राहुल अशोक विहार में रैली करेंगे, ठीक उसी समय अरविंद केजरीवाल दिल्ली के हजारी नगर में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने वाले हैं।

### कमल पटेल मामले में डीईओ निलंबित



लोकसभा चुनाव के दौरान 7 मई को मतदान के दिन मतदान कक्ष के अंदर नाबालिग पोते के साथ पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा फोटो खिंचवाने और वीडियो बनवाने के मामले में डीईओ व मतदान केंद्र की सेक्टर प्रभारी पीएम सिंह को निलंबित कर दिया गया। प्रावधानों के उल्लंघन की शिकायत के बाद यह कार्रवाई हुई। इसके पहले इसी मामले में पीठासीन अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया था।

### मनमोहन व अंसारी ने घर से किया मतदान

दिल्ली की सात सीटों पर मतदान 25 मई को है। लेकिन बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के तहत आज पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह ने अपने घर से वोट डाला। दरअसल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिल्ली में चुनाव आयोग ने 85 साल से अधिक की उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों के लिए घर से मतदान की व्यवस्था शुरू की है। डॉ. मनमोहन सिंह के साथ उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए अपने घर से मतदान किया। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के घर भी निर्वाचन अधिकारी पहुंचे और उन्होंने भी घर से मतदान किया।





स्पेशल बना शनिवार

## आपात स्थिति की तैयारी के लिए खुला बाजार, सेंसेक्स निफ्टी ने लगाई छलांग

**मुंबई, एजेंसी।**

आज शनिवार को स्पेशल सेशन के लिए शेयर बाजार खुला तो खूब शुरुआती तेजी देखी गई। इस मौके पर सेंसेक्स 150 अंक से ज्यादा चढ़कर एक बार फिर 74000 लेवल के पार पहुंच गया। वहीं निफ्टी में भी करीब 60 अंकों से ज्यादा की तेजी आई और यह 22,500 के पार पहुंच गया। गौरतलब है कि शेयर बाजार शनिवार को बंद रहता है, लेकिन आज स्पेशल ट्रेडिंग के लिए इसे खोला गया है। दरअसल, यह स्पेशल ट्रेडिंग शेयर बाजार में किसी भी आपात स्थिति का मुकाबला करने की तैयारियों की जांच करने के लिए आयोजित की गई है। इस स्पेशल ट्रेडिंग सेशन में प्राइमरी से डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर शिफ्ट किया जाता है।



### दो सेशन में स्पेशल ट्रेडिंग

आज दो सेशन में स्पेशल ट्रेडिंग हो रही है। पहली ट्रेडिंग का टाइम सुबह 9.15- 10 बजे तक था, जबकि दूसरा सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रहा। सेशन के दौरान सभी सिक्योरिटीज, जिन पर फ्यूचर एंड ऑप्शन उत्पाद उपलब्ध थे। इससे पहले, हस्थ और क्रस्थ ने दो मार्च को इसी तरह के ट्रेडिंग सेशन आयोजित किए थे। वहीं कल शुक्रवार को भी शेयर बाजार गुलजार रहा था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 253 अंक चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ था।

## श्रध्दालुओं से भरी बस में आग से 8 जिंदा जले, कई घायल

**चंडीगढ, एजेंसी।**

हरियाणा के तावडू उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर बीती रात श्रद्धालुओं से भरी बस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। बस में सवार आठ लोग जिंदा जल गए जबकि दो दर्जन से अधिक बुरी तरह झुलस गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया है। चलती बस में आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। हादसे के शिकार लोग पंजाब और चंडीगढ़ के रहने वाले बताए गए हैं जो मथुरा और वृंदावन दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस जांच में जुट गई है। हादसे के शिकार लोग पंजाब और चंडीगढ़ के रहने वाले बताए गए हैं जो मथुरा और वृंदावन दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस जांच में जुट गई है। बस में सवार श्रद्धालुओं ने बताया कि एक टूरिस्ट बस किराए पर कर बनारस और मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए निकले थे। बस में 60 लोग सवार थे जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे। दर्शन कर वापस लौटते समय रात डेढ़ बजे के करीब बस में आग की लपटें दिखाई दीं।



## गांव में आधी रात घुसे भूखे हाथी ने मचाया उत्पात

**उमरिया, एजेंसी।**

मप्र के उमरिया जिले के ताला गांव में बीती रात लगभग ग्यारह बजे एक जंगली हाथी घुस गया। इस जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हालांकि जंगली हाथी के हमले में किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उसने मुख्य मार्ग के किनारे स्थित पेट्रोल पंप के पास लगे एक कटहल के पेड़ को उखाड़कर गिरा दिया। इस पेड़ पर सैंकड़ों की संख्या में कटहल लगी हुई थी जिन्हें हाथी ने खा लिया। कटहल का पेड़ उखाड़ने से पहले वह काफी भूखा लग रहा था और उसने कई अन्य पेड़ों को भी तहस-नहस कर दिया था। ग्रामीणों ने टार्च आदि की रोशनी उस पर फेंककर लौटने पर मजबूर किया।



## पीएम के कॉटेज तक पहुंच गया संदिग्ध युवक

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया। यहां मोदी के लिये बनी कॉटेज के भीतर एक संदिग्ध युवक सुरक्षा घेरा को तोड़कर घुस गया। इसके बाद जनसभा स्थल में हड़कंप मच गया और अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि एसपीजी कमांडो ने युवक को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास से गृह मंत्रालय का फर्जी कार्ड भी मिला है। फतेहपुर में 20 मई को मतदान होना है।





मेट्रो एंकर

### 21 मई तक रहेंगे ऐसे ही हालात...

# गर्मी का सितम: चंबल 44 पार पंजाब में 46 से ऊपर पारा

**भोपाल/नई दिल्ली , एजेंसी।**

देश के कई राज्यों में गर्मी अपने असर दिखाने लगी हैं। मप्र के ग्वीालियर चंबल में पारा 44 के पार जा रहा है। निमाड में भी भीषण गर्मी का अलर्ट है। तीनों अंचलों में यह दौर 21 मई तक रहेगा। जबकि पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में आंधी व पानी आ सकता है। दूसरी तरफ पंजाब में लू की वजह से पारा दिनोंदिन रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। वहां समराला सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 46.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का और 11 साल बाद सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले 2013 मई में समराला का तापमान 47 के पार गया था। मौसम विभाग ने आने वाले चार दिनों के लिए पंजाब के अधिकतर हिस्सों में हीट वेव और सीवियर हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। पटियाला, अमृतसर और पठानकोट और बरनाला की 44 डिग्री पर तपे।



### दिल्ली में 45 पार , नजफगढ सबसे गर्म

दिल्ली एनसीआर समेत लगभग पूरे उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी कहर बनकर आसमान से बरस रही है। दिल्ली में कई जगहों पर कल 45 डिग्री से ज्यादा तापमान रहा है, नजफगढ़ में पारा 47 डिग्री के भी पार पहुंच गया। ऐसे में मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है।आज यानी शनिवार से दिल्ली में लू चलने की आशंका है. इस दौरान तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा. फिलहाल मौसम के बदलने का आसार नहीं हैं। उत्तर पश्चिम के मैदानी इलाकों समेत दिल्ली, यूपी, एमपी, राजस्थान, बिहार आदि राज्यों में भीषण गर्मी और लू चलने के आसार हैं। इन राज्यों के अलावा पूर्व और मध्य भारत में भी फिर से लू चलने के आसार है।

## हार्दिक पर बीसीसीआई ने दिल से ठोका जुर्माना, मैच पर भी प्रतिबंध

**मुबंई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का यह सीजन बहुत मुश्किल रहा है। टीम का इस सीजन सफर काफी निराशाजनक भर रहा और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच में ही जीत हासिल कर सकी। कल रात मुंबई को शुक्रवार को लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ भी 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अब धीमी ओवर गति को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह इस सीजन टीम का तीसरा गुनाह है, इसलिए पांड्या पर एक मैच का निलंबन भी लगाया गया है। मुंबई का इस सीजन अब कोई मैच नहीं बचा है और टीम ग्रुप चरण में अपने सभी 14 मैच खेल चुकी है, ऐसे में हार्दिक पर यह निलंबन अगले सीजन लागू होगा और वह 2025 सीजन का पहला मैच नहीं खेल सकेंगे।





## समर कैंप

भोपाल के पिपलानी गुरुद्वारे में समर कैंप का आयोजन किया गया



## बैठक

रेलवे कालोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर में साधु-संतों की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया

### अप्रैल माह में 60 थिक वेब स्विच एवं 02 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल लगाए

# कम से कम दूरी पर चलेंगी ट्रेनें, भोपाल से इटारसी के बीच जल्दी कराएंगी सफर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

किसी भी रेलवे ट्रैक पर एक के पीछे एक चलने वाली दो ट्रेनों के बीच की दूरी आने वाले समय में कम से कम रह जाएंगी। अर्थात ट्रैक पर चलते समय इन ट्रेनों के बीच कम से कम फासला रहेगा और ये कम से कम समय में एक से दूसरे स्टेशनों तक पहुंचेगी। रेलवे ने इस पर काम शुरू कर दिया है। भोपाल मंडल समेत पश्चिम मध्य रेलवे ने जबलपुर व कोटा मंडल में ट्रैक को इस अनुरूप तैयार किया जा रहा है। ट्रेनों को कम दूरी पर चलाने और उनकी गति बढ़ाने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे ने तीनों मंडलों में 60 थिक वेब स्विच लगाएं हैं। इनके लगने से ट्रैक पर रेलखंडों में क्षमता बढ़ जाती है, क्योंकि ये ट्रेनों के डिस्पेच और रिसीव में डिटेंशन को कम से कम करते हैं। ट्रैक पर इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल भी बढ़ाए जा रहे हैं। ये ऐसे सिग्नल होते हैं, जिनके लगने के बाद एक ही रेलखंड में एक ट्रेन के पीछे कम दूरी पर दूसरी ट्रेन को भी चलाया जाता है।

पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में 60 थिक वेब स्विच एवं 02 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल लगाए है। जबलपर मण्डल पर 57 थिक वेब स्विच, भोपाल मण्डल पर 02 थिक वेब स्विच और कोटा मण्डल पर 01 थिक वेब स्विच रेल लाईनों में स्थापित किये गए है। इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल के जबलपुर मण्डल के विजयसोता-छैतनि एवं ब्योहारी - डुबरीकलां रेलखण्ड स्टेशनों के बीच कुल 02 आईबीएस स्थापित किये गए है।




### थिक वेब स्वीच की प्रमुख विशेषताएं

- ट्रैक पर अनुमानित गति बढ़ाई जा सकती है।
- सामान्य प्वाईन्ट की तुलना में थिकवेब स्वीच की विश्वसनीयता बहुत अधिक है।
- संरक्षा की द्रष्टि से सामान्य स्विच की तुलना में अधिक सुरक्षित है।
- इसे नई रेल लाइन की कांक्रीट स्लीपरों पर आसानी से लगाया जा सकता है, जो संरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण है। सामान्य स्विच की तुलना में थिक वेब स्वीच की लाइफ 3 गुना अधिक होती है।

### इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनल प्रणाली (आईबीएस) की मुख्य विशेषताएं

- इससे इन खंडों के सेक्शन क्षमता में वृद्धि होगी।
- आईबीएस प्रणाली रेलगाड़ियों की निकटता को कम से कम करती है और ट्रेन की गति को बढ़ाती है, जिससे समय की बचत होती है।

# गैस राहत चिकित्सालयों में प्रतिनियुक्ति पर ली जाएंगी डॉक्टरों की सेवाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गैस राहत चिकित्सालयों के लिये विशेषज्ञों, कंसलटेंट और चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएँ प्रतिनियुक्ति पर ली जायेंगी। संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास विभाग के अधीन 6 चिकित्सालयों एवं 9 औषधालयों में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये वरिष्ठ परामर्शी (प्राध्यापक के समकक्ष), परामर्शी (सह प्राध्यापक के समकक्ष), कनिष्ठ परामर्शी (सहायक प्राध्यापक के समकक्ष), विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर 2 वर्षों की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति पर सेवाएँ ली जाना हैं। इसके लिये इच्छुक चिकित्सक विभागीय वेबसाइट www.bgtrrdmp.mp.gov.in से आवेदन डाउनलोड कर पूर्ण जानकारी भरकर समक्ष में अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास, शिवाजी नगर, भोपाल में 10 जून, 2024 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।



भारत टाकीज़ रोड पर नगर निगम की लापरवाही के कारण सड़क पर सीवेज का गंदा पानी बहता रहता है जिसके कारण आम जन परेशान है और वाहनों का जाम लगता है।

# समर कैम्प में हुनर सीख रहे एलवीएस के 200 बच्चे



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

एल.वी.एस. ग्रुप ऑफ स्कूल गांधीनगर में समर कैंप 1 मई से आरंभ हो गया है, जहां बच्चे अपनी मनचाही एक्टिविटी का हिस्सा बन अपने समय का सदुपयोग कर रहे हैं।

कैंप में बच्चों को नृत्य, संगीत, खेलकूद, केलीग्राफी, कम्प्यूटर, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, मेहंदी, अंग्रेजी आदि सिखाया जा रहा है। इन विधाओं में बच्चे खुले मन से भाग ले रहे हैं, शिविर का आयोजन सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाता है। शाला की प्राचार्या श्रीमती जयश्री ममतानी ने समर कैम्प की जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को कैम्प में धूम मस्ती के साथ कई नई चीजें सीखने का मौका मिलता है। छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है। शिविर में आसपास के विद्यालयों के लगभग 200 बच्चे भाग ले रहे हैं। शिविर का समापन 31 मई को होगा व एक कार्यक्रम आयोजित कर विविध विधाओं में सम्मिलित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरूस्कृत किया जाएगा।

## राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रेरणा व गौरी को पुरस्कार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**





पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ ने राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में संतनगर के नवनिध स्कूल की छात्रा प्रेरणा रतलानी हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रेरणा को विद्यापीठ ने 9000 की नगद राशि एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसी श्रृंखला में, अंग्रेजी में गौरी मनेरिया ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया है। विद्यापीठ ने गौरी को 3000 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी छात्राओं को बधाई दी है।

# अर्नोल्ड वेस्कर पर नेहा की नौवीं पुस्तक का विमोचन

**हिरदाराम नगर।** हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल की भाषा विभाग प्रमुख डॉ. नेहा गुप्ता ने प्रसिद्ध नाटककार अर्नोल्ड वेस्कर पर अपनी नवीनतम पुस्तक का विमोचन किया। यह नया प्रकाशन अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन कर रहे स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने का उद्देश्य रखता है, जो वेस्कर के कार्यों पर गहन विश्लेषण और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।



डॉ. गुप्ता की यह नौवीं पुस्तक है, जो उनके प्रभावशाली पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण व विद्वत्तापूर्ण योगदान है। उनका व्यापक शोध और विशेषज्ञता इस पुस्तक को विद्वानों और उभरते नाटककारों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बनाते हैं। पुस्तक न केवल वेस्कर के नाट्य योगदानों की गहराई से पड़ताल करती है, बल्कि उनके नाटकों और उनके सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव की समझ को बढ़ाने हेतु भी महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करती है।

संत कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने बधाई संदेश में डॉ. गुप्ता के समर्पण और विद्वत्तापूर्ण उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷डॉ. नेहा गुप्ता की नई पुस्तक अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है। उनका सूक्ष्म शोध और अंतर्दृष्टिपूर्ण विश्लेषणपरक लेखन निस्संदेह छात्रों और विद्वानों को लाभान्वित करेगा। डॉ. गुप्ता की अर्नोल्ड वेस्कर पर पुस्तक अब फ्लिपकार्ट, किंडल और अमेज़न जैसे प्रमुख प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है।

# मोनिका को मिला मोस्ट फोटोजेनिक अवार्ड



**हिरदाराम नगर।** स्टाइल आइकान सीजन चार ग्रैंड फिनाले बीते दिनों भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें किड्स, मिस और मिसेज श्रेणियों के लिए विनर्स घोषित किए गए। इस फिनाले के जजेस सपना सिंह परमार, प्रवीण श्रीवास्तव, विधि जेनियानी तथा डा0 रुपाली जलोटा थे। मोस्ट फोटोजेनिक का अवार्ड मोनिका कापसे, रिद्धिमन सिंह को दिया गया। मिसेज कैटेगरी तथा डा0 रुपाली थे। मिसेज कैटेगरी की विनर दीपिका सिंह रही। ईरा को फर्स्ट ओर भावना शर्मा सेकण्ड रनर अप के खिताब से नवाजा गया। मिस केटेगरी की विनर अलका यादव बनी। बच्चो को चार भाग में बांट दिया गया। केटेगरी ए के विना हियान सत्या तथा अनाया जैन बने। केटेगरी बी के विनर आर्या अजीत तथा विनायक रावत बने। केटेगरी सी की विनर वार्या केथवाल रहीं केटेगरी डी की विनर वैष्णवी रही। ।

**मेट्रो एंकर**

### बुजुर्गों को बेडरूम में किया बंद, बहू के कमरें 40 लाख गहने ले गए

# बैरागढ़ में तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**


बैरागढ़ के टी वार्ड में बीती रात चारों ने तीन घरों को निशाना बनाया। एक घर में बुजुर्ग दंपती को उनके बेडरूम में बंद कर चोरी की गई, यहां से करीब 40 लाख रूपये के आभूषण लेकर चंपत हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बैरागढ़ के टी वार्ड में रहने वाले चंद्र बेलानी अपनी पत्नी के साथ नीचे के कमरे में सो रहे थे। देर रात में पटरी की ओर से घर की खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे। चोरी से पहले चारों ने उस कमरे के गेट को बाहर से रस्सी से बांध दिया, जिसमें बुजुर्ग दंपती सो रहे थे। चोरों ने बड़े इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया। किचन में रखे फ्रिज में में रखा सामान भी खाया। जुर्ग दंपती की बहू के कमरे में अलमारी में रखे गहनों पर हाथ साफ किया। बताया जा रहा है 20 तोला के गहने, जिनका बाजार मूल्य करीब 40 लाख रुपए है गायब हुए हैं। चोरी का पता तब चला जब बेलानी की पत्नी बाथरूम के लिए उठीं। कमरे का गेट खोलना चाहा, लेकिन गेट नहीं खुला। पत्नी ने पति से कहा, देखो गेट नहीं खुल रहा है। बेलानी ने जोर दरवाजा खोला तब रस्सी खुलन पर गेट खुला। घटना से बुजुर्ग दंपती सहमे हुए हैं, बेलानी का बेटा विदेश में बिजनेस करता है। बहू अपने मायके गई हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



### टी वार्ड में ही दो जगह और चोरी

इसी इलाके में दो अन्य मकानों को भी चोरों ने अपना निशाना बनाया है। यहां भी चोरी करने का तरीका एक सा है। यहां भी चोर बेडरूम और मुख्य द्वार को रस्सी और दुपट्टा से बांधकर चिकन के रास्ते पीछे से घुसे हैं। एक घर से चोर 20 हजार नकद ले गए हैं।

# वास्तुशास्त्र से अहम है सियासी दलों का संगठनशास्त्र


नजरिया
आशीष दुबे

*'**गालिब** तमाम उम्र यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पे थी और आईना साफ करता रहा।'* यह शेर गालिब का नहीं है लेकिन इसका भावार्थ मप्र कांग्रेस के सूरतेहाल से मिलता-जुलता है। पिछले बीस साल में सिर्फ एक छोटी जीत के अलावा बाकी कई बड़ी हार झेल रही मप्र कांग्रेस की भाजपा के सैलाब में 'उतराने' की कोशिशें गलत नहीं हैं, लेकिन इन कोशिशों के दोतरफा होने की जरूरत ज्यादा है। इसीलिए हाल ही में जब कांग्रेस मुख्यालय के भवन के तीन मुख्यद्वार में से एक द्वार बंद किया गया तो चुटकियों का दौर चल पड़ा। भाजपा ने *सियासी हक* के चलते खूब फिरकियां लीं। भाजपा के मीडिया चीफ आशीष अग्रवाल ने कहा-ये कोई वास्तु दोष नहीं, कांग्रेस की नियत का दोष है। मगर इस गेट-एक्शन के ठीक पहले नये अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी अनसुनी मगर मार्के की बात कही- 'चुनाव निपट गए हैं और अब संगठन की मजबूती पर काम होगा।' बस,यही कांग्रेस की दोतरफा जरूरत है, जो बीस साल से पूरी नहीं हो रही।'

दरअसल, वास्तुशास्त्र के आधार पर भवन में आंतरिक बदलाव तो हो जाएगा, मगर क्या भवन में बैठने वालों के मिजाज, दुरभिसंधिया, उदासीनता तथा एकदूसरे को निपटाने वाले आंतरिक युध्दशास्त्र वाला दोष दूर होगा? जबकि इसी दोष का तोड़ ढूंढने के लिए पटवारी को किसी 'बड़े अनुष्ठान' की जरूरत बाकी बातों से ज्यादा है। लोकसभा चुनाव के नतीजे पटवारी की सीआर में दो तीन नंबर जोड सकते हैं, लेकिन वे पद पर बने रहे तो उनकी असल सीआर अगले विधानसभा चुनाव के बाद लिखी जाना है। इसलिये कांग्रेस के इलाकेदार नेताओं व पुराने शक्तिकेंद्रों को संतुलित व निर्विकार रखना उनकी पहली मगर जटिल प्राथमिकता है। कमलनाथ,दिग्विजय सिंह,अजय सिंह,अरूण यादव की नेटवर्किंग का सही उपयोग ही पटवारी को हुनरमंद साबित कर सकता है। अभी तो करीब छह महीने के कार्यकाल में वे कार्यकारिणी ही नहीं बना सके हैं। पूरा लोकसभा चुनाव प्रबंधन वीरान-सी तीन मंजिला इमारत के टॉप फ्लोर पर तीन-चार 'तदर्थ पदाधिकारियों' के भरोसे चला, तो बेसमेंट में एक पुराना पदाधिकारी किला लड़ाता रहा। इन पर चेहरे पढे जाएं तो राजीव सिंह,जेपी धनोपिया,गोर्की बैरागी व महेंद्रसिंह चौहान नजर आते हैं।



वास्तु पर लौटें तो यह बदलाव पार्ट 3 है। पहले अरूण यादव ने कुछ बदलाव कराए,कमरों से शौचालय हटवाए गए। फिर कमलनाथ कार्यकाल में 'जानकारों' की राय पर बदलाव हुए। कुछ सूरमाओं के लिये दो कमरों को मिलाकर एक किया गया, खास यह कि 2018 में जिस दिन चुनाव के नतीजे आने वाले थे, उस दिन इमारत के पिछवाड़े से बेसमेंट में जाने वाला गढ्ढेनुमा ढ़लान पाटकर समतल किया जा रहा था, इसी दिन देर रात तक कांग्रेस की सरकार बनने की सूरत बन गई ! हालांकि वह 15 महीने में चली गई। अभी हालिया विस चुनाव के पहले बेसमेंट से कबाड़ हटाकर चेंबर्स व वार रूम बनने लगे, मगर इस बार करारी हार राह में आ गई।

कांग्रेस की जद्दोजहद के बीच सवाल है कि भाजपा ने वास्तु का वह कौन सा मंत्र सिध्द कर रखा है जो उसकी इमारतों में सत्ता के वंदनवार लहराते हैं? जाहिर है, कांग्रेस यदि भाजपा के संगठनशास्त्र को ही पढ़कर मोर्चे पर उतरे तो सब 'चुनावसम्मत' हो जाएगा। बहरहाल, 4 जून के बाद पीसीसी का साढे चार साल का सफर शुरू होगा, लिहाजा रंगरोगन व वास्तुसम्मत बदलावों की कोशिशें हैं, अगला गेट बंद है, पिछवाड़े नई कैंटीन बन रही है। इस कश्मकश पर एक शेर मौजूं है- 'किसी को टूटकर चाहा, किसी से कटकर रहे, दुखों में राहतें झेलीं तो खुशी में दर्द सहे, कभी बगूलों में भटके तो कभी नदी से बहे..।'

### लोकसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त सीएम, मुख्यमंत्री ने यूपी में कहा

# कांग्रेसी और समाजवादी लोगों को वोट का गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं


लोकसभा चुनाव 2024



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उप्र के श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जिसमें आरोप लगाए कि कांग्रेस व समाजवादी कुछ लोगों को वोट का गुलाम बनाकर रखना चाहती है। यह भी कहा कि कांग्रेस में अब अंग्रेजों के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जब अंग्रेजों ने भारत में राज किया तो उन्होंने हमेशा फूट डालो शासन करो की नीति अपनाई। इसके बाद जब अंग्रेज चले गए तो यह काम कांग्रेसियों ने भी शुरू कर दिया। कांग्रेस भी अंग्रेजों के सिद्धांतों पर चलते हुए फूट डालो शासन करो की नीति से सरकार चलाती रही। इनकी मानसिकता ही ऐसी है। कांग्रेस वह पूंछ है, जो सीधी नहीं हो रही है। मुस्लिम वर्ग को भाजपा के साथ - उत्तरप्रदेश पहुंचे मप्र के मुख्यमंत्री ने मुस्लिम वर्ग को भाजपा के साथ बताया है। यह भी कहा कि कांग्रेसियों और समाजवादियों को यह भी खल रहा है, उनके पेट में दर्द हो रहा है।

## मतगणना में केलकुलेटर की मंजूरी मांगी कांग्रेस ने

प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पत्र लिखकर मांग की है कि चुनाव परिणाम के दिन नियुक्त मतगणना अभिकर्ता को भी मतों की गणना हेतु मतगणना स्थल पर केलकुलेटर ले जाने की अनुमति दी जाए। चुनाव प्रभारी जेपी धनोपिया ने कहा है कि मतगणना स्थल पर मतों की गणना मौखिक रूप से किया जाना वर्तमान परिवेश में अत्याधिक कठिन कार्य है। चुनाव ड्यूटी में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा मतगणना का कार्य केलकुलेटर से किया जाता है। चूंकि मतगणना अभिकर्ता के लिए जारी पुस्तिका में जिन उपकरणों को मतदान स्तर पर ले जाना प्रतिबंधित होना नहीं दर्शाया गया है उसमें केलकुलेटर सम्मलित नहीं है। धनोपिया ने चुनाव आयोग से मांग की है कि मतगणना दिवस 4 जून, को मतगणना अभिकर्ता को मतगणना स्थल पर गणना के उपयोग करने हेतु केलकुलेटर ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए जिससे कि उन्हें गणना करने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े और मतों की गणना आसानी से की जा सके।

## तीन हजार कर्मचारी करेंगे मतों की गिनती

आगामी 4 जून को लोकसभा क्षेत्र भोपाल के आठ में से सात विधानसभा क्षेत्र के लगभग 13 लाख 29 हजार 205 मतों की गिनती करीब तीन हजार अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। दरअसल पुरानी जेल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में भोपाल जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान की ईवीएम रखी गई हैं। इनकी गिनती को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंप दी है। साथ ही नगर निगम, पुलिस सहित अन्य विभागों से तमाम व्यवस्था करने के लिए भी कहा है। बता दें कि चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी ।

# यूजी में 90 हजार से अधिक छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग के 1300 सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रशन प्रक्रिया चल रही है। यूजी-पीजी कोर्स की सीटों पर प्रवेश के लिए अब तक करीब 90 हजार स्टूडेंट्स ने अपने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। फाइनल ईयर की परीक्षा न होने के कारण पीजी में रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्रों की संख्या काफी कम है। काउंसलिंग प्रक्रिया 2 मई से शुरू की गई थी। 12 दिन में मात्र 25 हजार ने ही रजिस्ट्रेशन कराए है, इनमें से 15 हजार ने चॉइस फिलिंग की है। यूजी में रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 20 व पीजी में 21 मई है। विभाग ने इस साल प्रवेश के लिए दो काउंसलिंग एवं एक सीएलसी राउंड रखा है। पिछले वर्ष एक ही काउंसलिंग राउंड था। प्रवेश के लिए पहले दो चरण ऑनलाइन काउंसिलिंग की जाएगी जबकि तीसरे चरण में कालेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) की जाएगी जो 21 जून से शुरू होगा।

# 29 मई तक चलेंगी बीयू की फाइनल परीक्षा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीयू की फाइनल ईयर की परीक्षाएं 29 मई तक चलेंगी। नए शेड्यूल के अनुसार बीयू मेजर विषय की तरह ही अब माइनर एवं ओपन इलेक्टिव के पेपर एक ही दिन में कराएगा। पहले यह पेपर अलग-अलग दिन में कराए जाते थे। दिन समय भी बर्बाद होता था और रिजल्ट में भी देरी होती थी। पूर्व में बीयू मेजर के पेपर एक साथ लेता था, लेकिन माइनर और ओपन इलेक्टिव के पेपर अलग-अलग लिए जाते थे। इससे परीक्षा लंबी खिचती है। बीयू के अधिकारी बताते हैं कि अभी परीक्षा कराने में 45 से 50 दिन का समय लगता था, लेकिन इस बार यह परीक्षा 14 दिन में ही समाप्त हो जाएगी।

# सीएम राइज स्कूल के 9 शिक्षक निलंबित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रांसफर रुकवाने के लिए सीधे मुख्यमंत्री को पत्र लिखने पर राजधानी के शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल के अब तक 9 शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। पीएस के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने 6 शिक्षकों और शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 3 शिक्षकों निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय शासकीय स्कूल नजीराबाद बैरसिया नियत किया गया है। जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल में बिना पात्रता परीक्षा पास किए नियुक्त 9 शिक्षकों का प्रशासनिक स्थानांतरण किया गया था, लेकिन वह ग्रामीण क्षेत्रों में जाना नहीं चाहते हैं। इन्होंने अपना ट्रांसफर रोकने के लिए आयुक्त लोक शिक्षण, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा सहित विभिन्न अधिकारियों के पास आवेदन दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तो यह सभी शिक्षक सीएम निवास पहुंच गए थे।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन आज से शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** विज्ञान भारती द्वारा 18-19 मई को विद्यार्थी विज्ञान मंथन का दो दिवसीय नेशनल कैंप का आयोजन आइसर भोपाल में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत के 36 प्रान्तों से 486 विद्यार्थी, शिक्षक, विज्ञान चिंतक, वैज्ञानिक, वैज्ञानिक संचारक सहित कुल 1000 व्यक्ति इस प्रतियोगिता सह कार्यशाला मे भाग ले रहे है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के सहयोग से विज्ञान भारती की एक पहल है। वीवीएम छठी से ग्यारहवीं कक्षा के स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसकी परिकल्पना छात्र समुदाय में वैज्ञानिक प्रतिभा की पहचान करने के लिए की गई है।

# विधि को समझना है तो व्यावहारिक ज्ञान की अभिवृद्धि भी जरूरी: न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा

### कैरियर कॉलेज में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित कॅरियर कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित प्रथम फली एस. नरीमन मेमोरियल नेशनल मूट कोर्ट कॉम्पटीशन का उद्घाटन शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा ने किया। कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा ने कहा कि विधि को समझना है तो व्यावहारिक ज्ञान की अभिवृद्धि भी जरूरी है। विधि के स्त्रोत दोहे और जनश्रुतियों में भी हैं। यदि छोट उदाहरणों को समझा जाए तो ज्यादा बेहतर ढंग से कानूनी समझ विकसित की जा सकती है। न्यायाधीश मिश्रा ने महाकवि सूरदास के दोहे मैया मोरी मैं नहीं माखन खायों का उदाहरण देते हुये बताया कि किस तरह दोहे के विभिन्न भागों में कानून के आशय छिपे हुए हैं जैसे माखन गौरी के पावन प्रसंग में भगवान श्री कृष्ण माता यशोदा के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी प्रकार रूस में जार शासन और अब्राहम लिंकन का उदाहरण देते हुए कानून के विद्यार्थियों को बताया कि जागरूकता और सतत् संघर्ष से अपनी व्यावसायिक दक्षता को निखारा जा सकता है।

**मेट्रो एंकर** अब तक प्रदेश में महज 46 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा

# गेहूं खरीदी में पिछड़े तो दूसरी बार बढ़ाई तारीख, अब 31 मई तक होगी खरीदी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गेहूं खरीदी में पिछड़ने वाले मप्र को दूसरी बार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने की तारीख बढ़ानी पड़ी है। अब 31 मई तक गेहूं खरीदी होगी। शुरू में यह तारीख 15 मई और बाद में बढ़ाकर 20 मई तय की थी।



प्रदेश में अब तक 46 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा है, जो कि लक्ष्य से काफी कम है जिसे देखते हुए खरीदी की तारीख बढ़ाई है। कम खरीदी के पीछे सरकार की कमजोरियां मुख्य बताई जा रही है, जिसमें समय पर भुगतान नहीं करना, 2700 रुपये प्रति क्विंटल का वादा करके 2400 रुपये क्विंटल का ही भुगतान करना, कई केंद्रों पर मनमानियां बरतना, गोदामों द्वारा अच्छे गेहूं को रिजेक्ट करना आदि है।

इधर सरकार ने दूसरी बार गेहूं खरीदी की जो तारीख बढ़ाई है इसका फायदा उन किसानों को होगा, जिन्होंने पंजीयन तो कराया है लेकिन अब तक गेहूं नहीं बेच पाए। अब ऐसे किसानों को गेहूं बेचने के अवसर मिलेंगे। शुरू में भोपाल, उज्जैन, इंदौर और नर्मदापुरम जिलों के लिए खरीदी की तारीख 7 मई और बाकी के संभागों में 15 मई तय थी, जिसे बढ़ाकर 20 मई कर दिया था। अब इस तारीख को भी बढ़ाकर 31 मई किया है। आयुक्त खाद्य कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 16 मई तक 46 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई है जबकि लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन खरीदी का तय किया है।




## संपादकीय

# हर शहर में होर्डिंग से खतरा

हाल में मुंबई में हुआ होर्डिंग हादस दरअसल हर शहर के लिये चेतावनी की तरह है, यद्यपि यह पहला हादसा नहीं है। मगर यह कहानी देश के तमाम शहरों की है। क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी पेड़ों के इर्दगिर्द बिना सोचे-समझे कंक्रीट बिछा दिया गया है जिससे उनकी जड़ें कमजोर हुई हैं। इससे हर वर्ष मॉनसून के पहले सैकड़ों पुराने पड़े उखड़ जाते हैं और लोगों की जान जाती है अथवा संपत्ति का नुकसान होता है। अब मुबंई में होर्डिंग के गिरने से चौदह मौत और 75 के घायल होने के मामले से यह बात एक बार फिर उजागर हो गई है कि देश के शहरों के नगर निकाय अधिकारियों में किस कदर लापरवाही घर कर चुकी है। मुंबई मामले की जांच में सामने आ रहा है एक तथाकथित उद्यमी जिसे भारतीय रेल तथा वृहन्मुंबई महानगरपालिका दोनों से होर्डिंग और बैनर लगाने का अनुबंध मिला है और जिसे नियमों के उल्लंघन के लिए भी जाना जाता है। उस पर होर्डिंग लगाने के लिए पेड़ों को काटने तक के इल्जाम हैं। वह राजनीति में आने का आकांक्षी बताया जाता है। घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप पर होर्डिंग गिरने की घटना उसके काम करने के तरीके का एक नमूना पेश करती है। यह 120 फुट गुना 120 फुट का विशालकाय होर्डिंग था और उसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था। इगो मीडिया नामक इससे संबंधित कंपनी को लेकर मार्च में भी सवाल उठे थे। उस वक्त बीएमसी ने इगो मीडिया को 6.14 करोड़ रुपये का लाइसेंस शुल्क न चुकाने के लिए नोटिस दिया था। उसके बाद एक अन्य नोटिस इस वर्ष 2 मई को रेलवे पुलिस की ओर से दिया गया। रेलवे पुलिस उस जमीन का रखरखाव करती है जहां यह खड़ा किया गया था। वहां यह होर्डिंग लगाने के लिए पेड़ों को नुकसान पहुंचाया गया था। तेरह मई यानि घटना के दिन भी कंपनी को एक नोटिस दिया गया था जिसके मुताबिक बिलबोर्ड को बिना बीएमसी की समुचित स्वीकृति के खड़ा किया गया था। इन नोटिसों से अफसरशाही की जरूरी खानापूर्ति हो सकती है लेकिन उनसे यह नहीं स्पष्ट होता है कि आखिर क्यों इस समस्या पर ध्यान जाने में करीब दो वर्ष का समय लगा और यह भी कि आखिर नोटिस देने के बाद भी कोई कदम क्यों नहीं उठाया गया। बिलबोर्ड अप्रैल 22 से लगा हुआ था। परंतु धूल भरे तूफान के कारण हुई यह दुर्घटना बताती है कि नगर निकायों के अधिकारियों द्वारा कर्तव्यपालन में विफल रहने के कारण शहरों में रहने वाले नागरिक किस कदर मुश्किल में पड़ सकते हैं। 2017 में भी दक्षिण मुंबई से केवल 10 किलोमीटर दूर एक वाणिज्यिक परिसर में रूफटॉप रेस्टोरेंट में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसकी जांच से पता चला कि रेस्टोरेंट में फायर अलार्म काम नहीं कर रहे थे, बुनियादी अग्निशमन उपकरण नहीं थे और आपात स्थिति में बाहर निकलने के रास्ते नहीं थे। इसके बावजूद अग्निशमन विभाग ने उसे तथा करीब स्थित एक अन्य खानपान की दुकान को समुचित ढंग से प्रमाणित किया था। हालांकि बाद में महानगरपालिका तथा अग्निशमन विभाग के कई संबंधित अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई थी। बहरहाल, आज शहरी नागरिकों को मौसमी मार का जितना खतरा है,उतना खतरा लापरवाह अफसरों से भी है जो दूरगामी नजरिये से काम नहीं लेते हैं और हजारों लोगों की जान को खतरें में डाल देते हैं। देश के हर राज्य व राजधानी में ऐसे ही होर्डिंग का संजाल है, सवाल है कि क्या सब सुरक्षित व अनुमति प्राप्त हैं?

# प्रत्येक युवा हेतु प्रशिक्षुता अधिकार सुनिश्चित हो

■ संतोष मेहरोत्रा

कांग्रेस ने 2024 के आम चुनाव के जारी अपने घोषणा पत्र में उच्चतर सर्टिफिकेट, डिग्री, डिप्लोमाधारी तमाम युवाओं को प्रशिक्षुता का अधिकार देने का वादा किया है। यह संकल्प 25 वर्ष से नीचे के सभी युवाओं को उन जगहों पर प्रशिक्षण और रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करता है जहां पर वे प्रशिक्षु रहते हुए कौशल सीखेंगे। यह प्रारूप जर्मनी के कौशल मॉडल सिद्धांत पर आधारित है ( जहां स्कूली शिक्षा पाने के दौरान छात्रों को किसी न किसी काम का कार्यानुभव करवाया जाता है )। भारत में व्यवसायिक कौशल परिदृश्य सदा से आपूर्ति-संचालित रहा है, जिसमें विद्यार्थी को शिक्षा तो मिलती है लेकिन असल मायने में कोई व्यावसायिक कौशल नहीं सिखाया जाता। इस व्यवस्था में, रोजगार प्रदाताओं का उनसे न तो कोई सीधा संपर्क होता है न ही उन्हें प्रशिक्षु-कामगार रखने की जरूरत महसूस होती है। यह स्थिति भारत में सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम की कारगुजारी की समीक्षा करने की जरूरत दर्शाती है और यह भी कि क्योंकर प्रशिक्षुता का अधिकार सुधार लाने की दिशा में एक सही कदम होगा।

भारत में 2000 के दशक तक, लगभग आधी सदी तक व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण का क्षेत्र उपेक्षित रहा है ( यह भारत की योजना नीतियों में समुचित स्कूली शिक्षा पर ध्यान न देने जैसा है ) जिसकी कीमत आज हम चुका रहे हैं। वर्ष 1991 में, जब भारत में आर्थिक सुधार होने शुरू हुए, साक्षरता दर 51 प्रतिशत थी, अर्थात? भारत की कुल आबादी का आधा हिस्सा अनपढ़ था और यह तबका अधिकांशतः कृषि क्षेत्र में केंद्रित था। हालांकि 1990 के दशक में स्कूली शिक्षा पर अधिक खर्च करने के रूप में नए सिरे से जोर देना शुरू हुआ परंतु शिक्षा के साथ व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण देना फिर भी उपेक्षित बना रहा ( हालांकि उच्च तकनीकी शिक्षा में ऐसा नहीं था )। 11वीं पंचवर्षीय योजना ( 2007-12 ) पहली ऐसी थी जिसमें कौशल विकास के विषय पर एक अलग से अध्याय था।

परिणामस्वरूप, भारत का उत्पादन क्षेत्र एवं सेवा श्रम बल की संरचना आज भी निम्न शिक्षा वालों से बनी है। बदतर स्थिति यह कि राष्टीय सैम्पल सर्वे विभाग का रोजगार-बेरोजगारी अध्ययन 2011-12 बताता है कि श्रम बल का महज 2.2 प्रतिशत हिस्सा औपचारिक प्रशिक्षु श्रेणी से है। आवधिक श्रम बल सर्वे के आंकड़े दर्शाते हैं कि औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों की संख्या वर्ष 2011-12 में 2.2 फीसदी थी ( 1 करोड़ 43 लाख ) जो 2017-18 में घटकर 2 प्रतिशत ( 91 लाख 40 हजार ) रह गई। लेकिन अगले पांच साल यानी 2022-23 में यह 3.7 फीसदी ( 2 करोड़ 5 लाख ) हो गई। इसलिए, जिन्हें हम व्यावसायिक रूप से प्रशिक्षित कह सकते हैं, वे कहां से आन जुड़े?

आवधिक श्रमबल सर्वे-2017-18 बताता है कि कुल व्यावसायिक प्रशिक्षुओं में 22 फीसदी वह थे जिन्होंने 6 माह से कम अवधि का कोर्स किया हो, अब यह अंश बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया है। अधिक चिंताजनक यह कि 2017 में 29 फीसदी प्रशिक्षु ऐसे थे जिन्होंने दो साल या अधिक अवधि के कोर्स किए थे, जो अब घटकर 14.29 फीसदी रह गए हैं। भारत कौशल मिशन नामक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुता अवधि बहुत कम है ( कुछ मामलों में तो महज 10 दिन )।

वर्ष 1961 से भारत का अपना प्रशिक्षुता अधिनियम है, जिसके तहत तमाम पंजीकृत कंपनियों और उद्यमों के लिए जरूरी है कि वे अपने यहां एक साल या उससे अधिक अवधि के लिए प्रशिक्षु रखें ताकि वे नौकरी पर रहते हुए व्यावयायिक दक्षता हासिल कर पाएं। दस साल पहले गैर-कृषि उद्यम वर्ग में लगभग 2,50,000 पंजीकृत प्रशिक्षुक थे। अगस्त, 2016 में, भारत सरकार ने राष्टीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना शुरू की, जिसके लिए 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया। हालांकि इसका उद्देश्य था कि वर्ष 2020 तक 50 लाख युवा प्रशिक्षु बनकर कौशलयुक्त हो सकेंगे लेकिन 2022 तक 20 लाख ही बन पाए। 2017 से 2022 के बीच, इस योजना के लिए रखे गए 10,000 करोड़ रुपये में केवल 650 करोड़ रुपये ही राज्यों को मिले। 2023 में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता योजना-2 शुरू की गई, लेकिन इसके आंकड़े फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं।



2022 में आए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि 1961 वाले अधिनियम में किए गए संशोधन भारत में प्रशिक्षुओं की संख्या में बढ़ोतरी करने में सहायक रहे। 2022-23 में कुल 57 करोड़ श्रम बल में औपचारिक प्रशिक्षुता वर्ग में आने वालों की गिनती केवल 5 लाख के आसपास थी, हालांकि दस साल पहले यह संख्या 2.5 लाख थी। स्पष्ट है कि संशोधनों का परिणाम चमत्कारी नहीं रहा। इसमें हैरानी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि लगभग संपूर्ण निजी कॉर्पोरेट सेक्टर अपने यहां प्रशिक्षुता योजना लागू करने के प्रति ज्यादातर उदासीन रहा है। केवल केंद्रीय और राज्यों के सरकारी उद्यम इस अनिवार्यता को पूरा करने में यत्न करते दिखाई देते हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तो अभी भी इस योजना से आंखें फेरना जारी रखे हुए हैं। नतीजतन, जहां जर्मनी के कुल 4 करोड़ 60 लाख श्रमबल में से कम से कम 60 लाख प्रशिक्षु श्रेणी से हैं, वहीं भारत में इनकी गिनती केवल 5 लाख है। यह अंतर उद्यम/नियोक्ता की रोजगार पूर्व प्रशिक्षण में भागीदारी के स्तर की वजह से है, जो भारत को आपूर्ति-संचालित बनाता है, जबकि दुनियाभर में व्यावसायिक प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम मांग-संचालित हैं।

भारत में प्रति वर्ष श्रम बल में 60 लाख नये रोजगार अभिलाषियों के जुड़ने और पहले से 10 करोड़ से अधिक खाली बैठे युवाओं के चलते ( जो न तो शिक्षा क्षेत्र में हैं न ही किसी नौकरी या प्रशिक्षण में ) जिस चीज़ की फौरी जरूरत है, वह है उनकी शिक्षा के हिसाब से काम मिलना, फिर चाहे यह शिक्षा सामान्य प्रवृत्ति वाली हो या व्यावसायिक या फिर तकनीकी। इसके लिए जरूरत है केंद्रीय सरकार के गंभीर चिंतन और नियोक्ताओं/ उद्योग जगत को साथ जोड़कर कौशल विकास प्रक्रिया फौरी शुरू करवाने की। यह फौरी जरूरत निम्न तथ्यों से बनती है : भारत कौशल रिपोर्ट 2021 की दलील है कि भारत में स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त युवाओं में लगभग आधे खाली बैठे हैं। वर्ष 2012 में मुक्त बेरोजगारी लगभग 2.1 फीसदी थी जो 2018 में तीन गुणा बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई, यह दर पिछले 45 सालों के सर्वे में उच्चतम है।

शिक्षित बेरोजगार, कौशल कार्यक्रम के प्रति अनिच्छुकता, घटिया दर्जे का प्रशिक्षण और पढ़ाई उपरांत नौकरी मिलने की नगण्य दर के आलोक में कौशल परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन करना एक त्वरित आवश्यकता बन गई है। केवल बड़ी-बड़ी बातें करने और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए सरकारी आंकड़ों से काम नहीं बनने वाला। सरकार के लिए गिनती की बजाय गुणवत्ता को तरजीह देना लाजिमी हो ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इन कार्यक्रमों से निकलकर आया हर कोई श्रम बल में अर्थपूर्ण योगदान कर पाए। कौशल विकास नीतियां और कार्यक्रम विफल सिद्ध हुए हैं, उनमें स्विट्ज़रलैंड और जर्मनी के मॉडल की तर्ज पर आमूलचूल सुधार करने की आवश्यकता है, जिसमें युवा और उद्योग को ध्यान के केंद्र में रखा जाता है। प्रत्येक युवा के लिए प्रशिक्षुता का अधिकार सुनिश्चित करना एक फौरी तरजीह हो।

**सभार- लेखक आईजेडए इंस्टिट्यूट ऑफ लेबर इकॉनोमिक्स, जर्मनी में रिसर्च फैलो हैं।**

सही 'दिशा' में किया गया
व्यक्ति का शुभ 'कर्म'
'वर्तमान'और 'भविष्य'
दोनो 'बदल' देता है!

## आज का इतिहास

- 1703 डच और अंग्रेज सैनिकों ने जर्मनी के कोलोन शहर पर कब्जा किया।
- 1756 ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1756 ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की
- 1794 ट्रेकोइंग की लड़ाई- फ्रांसीसी सैनिकों ने ब्रिटिश सेना को हराया।
- 1803 ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस पर युद्ध शुरू कर दिया, जिसके बाद फ्रांस ने डच क्षेत्र से वापस लेने की इजाजत नहीं दी, जिसके कारन नेपोलियन से युद्ध की शुरूआत हुई।
- 1804 नेपोलियन को फ्राँस का सम्राट घोषित किया गया था।
- 1804 फ्रेंच सीनेट द्वारा नेपोलियन बोनापार्ट फ्रेंच का सम्राट घोषित किया
- 1852 मैसाचुसेट्स का नियम है कि स्कूल के सभी बच्चों को स्कूल जाना चाहिए।
- 1860 अब्राहम लिंकन को रिपब्लिकन पार्टी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में चुना गया।
- 1863 अमेरिकन सिविल वॉर-जनरल उलीसेज़ एस। ग्रांट ने अपनी सेना की स्थापना की थी, जो टेक्सीविजबर्ग की घेराबंदी की तैयारी के लिए बिग ब्लैक नदी के पार टेन नेसे की थी।
- 1863 अमेरिकी गृह युद्ध- जनरल उलेसिस एस। ग्रांट ने विक्सबर्ग की घेराबंदी की तैयारी के लिए बिग ब्लैक नदी के पार टेनेसी की अपनी सेना का नेतृत्व किया।
- 1865 विश्व संचार दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
- 1869 हकोडेट की लड़ाई में आत्मसमर्पण करने के एक दिन बाद, एनोमोटो ताकेई ने गोरोकोकू को जापानी बलों में बदल दिया, जो एज़ो गणराज्य के टोलोप्लास का संकेत था।
- 1888 अमरीका में पहला ग्रामोफ़ोन रिकार्ड बजाकर दिखाया गया था।

## निशाना

### कौन किस पर भारी !



\- कृष्णेन्द्र राय

होगी किसकी जीत ।
कौन किस पर भारी ।।
ज़ोर शोर से सबकी ।
है अपनी तैयारी ।।
सबके अपने दावे ।
और हैं विचार ।।
फैसला पर जनता का ।
करना भी स्वीकार ।।
अपने अपने क्षेत्र में ।
ठोक रहे सब ताल ।।
दिन है वो नज़दीक ।
करने को कमाल ।।
चढ़ा सियासी पारा ।
पाने को अधिकार ।।
हैं सारे आश्वस्त ।
उन्हें पहनना हार ।।

# एआई के बढ़ते दायरे से सतर्कता समय की मांग अधिक मानवीय बनने की जरूरत

■ जसप्रीत बिंद्रा

यह चुनाव का मौसम है और डीपफेक का भी। भारत में तो लोकसभा के चुनाव चल ही रहे हैं, अमेरिका और ब्रिटेन में भी चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में अधिकारियों को बाधित करने के लिए विभिन्न तत्वों द्वारा डीपफेक की बाढ़ आने की आशंका निराधार नहीं है। डीपफेक दो शब्दों से बना है- आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी ( एआई ) आधारित डीप लर्निंग और फेक ( नकली ) से। डीपफेक एक कृत्रिम ( बनावटी ) मीडिया है, जिसमें बिना सहमति के किसी व्यक्ति की तस्वीर या वीडियो को उसी से मिलते-जुलते दूसरे व्यक्ति की तस्वीर या वीडियो से बदल दिया जाता है। शुरुआत में डीपफेक का इस्तेमाल पोर्नोग्राफिक ( अश्लील ) सामग्री तैयार करने के लिए किया जाता था। डीपफेक तकनीक वास्तविक और काल्पनिक के बीच की सीमा को धुंधला कर देती है।जेनरेटिव एडवर्सरियल नेटवर्क्स नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों का उपयोग करते हुए डीपफेक शुरुआत में एक नवाचार थी, यानी एआई में किसी की विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने का एक मजेदार तरीका। लेकिन अब यह सच नहीं है। डीपफेक बहुतायत में हैं-राजनीतिक नेताओं के भाषणों में हेरफेर करके राजनीतिक अशांति फैलाने वाले से लेकर अनुचित सामग्रियों से मशहूर हस्तियों को जोड़ने तक।

डीपफेक के दुरुपयोग का दायरा व्यापक और बेहद परेशान करने वाला है। यह चुनाव या युद्ध जैसे मामलों में विशेष रूप से खतरनाक हो सकता है, जहां राजनीतिक नेताओं को ऐसी बातें कहते या करते हुए दिखाया जा सकता है, जो उन्होंने वास्तव में नहीं कहा या किया है-कुछ ऐसा, जो संभवतः मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है और लोकतंत्र व चुनाव की प्रक्रिया को बर्बाद कर सकता है। वर्ष 2020 में महारानी एलिजाबेथ ने टीवी पर एक संदेश दिया था, जो बाद में डीपफेक निकला। इस तकनीक के संभावित खतरों को उजागर करने के लिए विशेष रूप से %महारानी के इस भाषण% की व्यवस्था की गई थी। उदाहरण के लिए, अमेरिकी कांग्रेस की तत्कालीन स्पीकर नैन्सी पेलोसी के एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई थी, जिसमें उन्हें एक आधिकारिक भाषण के दौरान नशे में दिखाया गया था। डोनाल्ड ट्रंप की गिरफ्तारी दिखाने वाली एक अन्य तस्वीर ने बहुत से लोगों को बेवखूफ बनाया।



भारत में इस तरफ ध्यान तब गया, जब दो अभिनेत्रियों-कटरीना कैफ और रश्मिका मंधाना के साथ डीपफेक की समस्या हुई, जो इस डार्क तकनीक से बुरी तरह प्रभावित हुईं। डार्क टेक्नोलॉजी दुनिया भर की महिलाओं को निशाना बनाती है। यहां तक कि इस बार अमिताभ बच्चन और आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर तक ने इसका संज्ञान लिया। फिर कथित तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री को भी निशाना बनाया गया था, जिसने वास्तव में भारतीय अधिकारियों को चौंका दिया। उनके दिमाग में शायद यह बात ताजा है कि कैसे इमरान खान ने जेल में रहते हुए भी पाकिस्तान के नागरिकों से अपनी ही तरह दिखने और वैसी ही आवाज में बात करने के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया था। डीपफेक अधिक परिष्कृत होते जा रहे हैं, क्योंकि इन्हें बनाने के लिए विशेषज्ञ सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। जनरेटिव एआई मॉडलों ने बड़े पैमाने पर उनका निर्माण आसान बना दिया है, अब इसके लिए किसी खास विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है। तो फिर डीपफेक को हम कैसे रोक सकते हैं? इसकी पहचान के तरीके हैं, जो वीडियो में मानव आंख से न दिखने वाली विशिष्टताओं की जांच के लिए एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग करती है। डीपट्रेस जैसी कंपनियों ने ऐसे सॉफ्टवेयर का आविष्कार किया है, जो छाया और प्रतिबिंबों का विश्लेषण करके डीपफेक की पहचान करता है। हालांकि, वायरस-एंटीवायरस की तरह यह निर्माताओं और डिटेक्टरों के बीच होड़ को बढ़ाता है। लेकिन सिर्फ तकनीक से ही इस खतरे को नहीं रोका जा सकता है, बल्कि इसके लिए हमें विनियमन और शिक्षा की भी आवश्यकता है।

हमें डीपफेक बनाने वालों और उन्हें प्रसारित करने वालों को दंडित करने के लिए कुछ सख्त और अनुकरणीय कानून बनाने होंगे। मेटा, गूगल और टिकटॉक जैसी सोशल मीडिया कंपनियों को डीपफेक को खत्म करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है, क्योंकि वे इन्हें फैलाने के प्राथमिक माध्यम हैं। हमें समाज में जागरूकता और डिजिटल शिक्षा बढ़ाने की भी जरूरत है, ताकि कमजोर लोग इसका निशाना बनने से बच सकें। हालांकि इस जंग को जीतने का सबसे बड़ा उपाय अपनी विशिष्ट मानवीय क्षमता को प्रकट करना और उसे वापस लाना है, जो हर तरह की नकली चीजों का पता लगाने में सक्षम बनाती है। मनुष्य के पास हमेशा एक नाक होती है, जो आवाज, तस्वीर या टिप्पणियों के झूठ को सूंघ लेती है। हम अक्सर अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी में इसका उपयोग करते हैं, लेकिन कहीं न कहीं हमने अपनी इस क्षमता को खो दिया है। हजारों समाचार संगठनों, सोशल मीडिया और व्हाट्सएप द्वारा उत्पन्न सूचनाओं और समाचारों की विशाल मात्रा हम पर हावी हो जाती है। ऐसे में हमें डीपफेक को समझने के लिए अपनी मानवीय क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता है कि कौन-सी खबरें, आवाजें और तस्वीरें थोड़ी %अप्रिय% दिखती हैं या नकली हो सकती हैं। हालांकि जिस तरह से डीपफेक का परिष्कार हो रहा है, उसे देखते हुए उनकी जांच करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लेकिन डीपफेक का पता लगाने के लिए छवियों में विसंगतियों को देखें-चेहरे की विशेषताएं ठीक से मेल नहीं खातीं, रोशनी कम लगती है, या अनियमित पलक झपकती है। यदि ऑडियो और विजुअल्स मेल नहीं खाते हैं, तो वे भी नकली होने के संकेत हैं, जहां आवाज का स्वर और ताल व्यक्ति की सामान्य वार्ता शैली से मेल नहीं खा सकते हैं। नग्न आंखों के अलावा, यह वास्तविक नहीं है। अब जबकि हम सुपर इंटेलिजेंट एआई के अस्तित्व संबंधी खतरें पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, मौजूदा वक्त में ऐसी समस्याएं हैं, जिन्हें विनियमन, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के माध्यम से तुरंत संबोधित किए जाने की आवश्यकता है। डीपफेक उनमें से सबसे गंभीर समस्या है। इस तेजी से जटिल होती दुनिया में अपना रास्ता तलाशने के लिए हमें एआई के इस युग में और अधिक मानवीय बनने की जरूरत है।

**- साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

आंगनवाड़ी केन्द्रों का संयुक्त संचालक ने किया औचक निरीक्षण

# जिले के आँगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर जारी किए नोटिस



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम एचके शर्मा ने महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम शहरी में संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। संयुक्त संचालक ने वार्ड 16 मे संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र 2 एवं 3, वार्ड 15 में संचालित केन्द्र क्रमांक 1 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन एवं हितग्राहियों को प्रदाय की जा रही आईसीडीएस की सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी ली गई। उन्होंने मई मह में आयोजित किये गये शारीरिक माप अभियान का भी अवलोकन किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों का रेण्डम आधार पर समक्ष में वजन एवं ऊचाई ली जाकर शारीरिक माप लिया गया तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रेकर एप में दर्ज बच्चों के वजन 7 एवं ऊचाई का सत्यापन भी किया गया। उन्होंने बच्चो का सही सही शारीरिक माप लेने तथा शुद्ध व सटीक आंकड़े पोषण ट्रेकर एप में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित बच्चो पर विशेष निगरानी रखने, आवश्यक उपचार कराने तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को नियमित रूप से समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने एवं बच्चों को निर्धारित मीनू अनुसार समय पर गर्म ताजा पका नाश्ता, भोजन निर्धारित समय पर प्रदाय करन के निर्देश दिए।

# रिश्वतखोर पटवारी को 4 वर्ष का साश्रम कारावास... जमीन के नामांतरण के लिए किसान से मांगी थी रिश्वत

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नर्मदापुरम के द्वारा आरोपी जितेंद्र ठाकुर को धारा-7 भ्र.नि.अधि. में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा-13(1)(बी) सहपठित धारा 13(2) भ्र. नि. अधि. में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 2000/- रूपये अर्थदंड से दंडित किया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि प्रकरण का फरियादी अशोक पटेल के द्वारा लोकायुक्त कार्यालय भोपाल में इस बात की शिकायत की गई थी कि ग्राम खैरा में उसके पिता के द्वारा खरीदी गई जमीन एवं बटवारे में प्राप्त जमीन का नामान्तरण कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज करने के संबध में पटवारी जितेन्द्र ठाकुर तहसील पिपरिया के द्वारा नामांतरण को कम्प्यूटर में दर्ज कराने के नाम से पांच हजार रूपये की मांग की जा रही है। जिसकी जांच सत्यापन पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संभाग भोपाल के निर्देश पर निरीक्षक श्रीमति नीमल पटवा के द्वारा कराया गया। जांच में पाया कि पटवारी जितेन्द्र ठाकुर फरियादी अशोक पटेल और उसके मित्र मनोज पटेल की जमीन के संबध में काम के लिये पांच हजार रूपये की मांग की गई। जिसे फरियादि के द्वारा दिये गये डी. व्ही. आर. में रिकार्ड किया गया था। जिसके आधार पर आरोपी जितेन्द्र ठाकुर के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के द्वारा टेप इल दल गठित किया गया। जिसमें निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक संजय शुक्ला, निरीक्षक सलील शर्मा, आर. ब्रजबिहारी पाण्डे, मुकेश पटेल शामिल थे। टेप कार्यवाही लोकायुक्त निरीक्षक श्रीमति नीलम पटवा के नेतृत्व में हुई। टेप कार्यवाही दिनांक 06.09.2018 को हुई। जिसमें फरियादी अशोक पटेल से पटवारी द्वारा उसके घर पर पैसे लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा। प्रकरण में अग्रिम विवेचना संजय जैन उप पुलिस अधीक्षक के द्वारा की गई। विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी) का अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा 17 अभियोजन साक्षियों के परीक्षण कराये गये। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क पर विचार करते हुए विशेष न्यायालय के द्वारा आरोपी को रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में दोषी पाते हुए 04-04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विषेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार यादव नर्मदापुरम द्वारा पैरवी की गई।

हिल स्टेशन पचमढ़ी में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट- टूरिज्म बोर्ड की AMD बिदिशा मुखर्जी हुईं शामिल

# योग एवं वेलनेस का प्रमुख केंद्र बन रहा है मध्य प्रदेश: मुखर्जी



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पचमढ़ी में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। 19 मई तक चलने वाले आयोजन में पर्यटक सतपुड़ा की वादियों में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। शुक्रवार को म.प्र. टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी (आई.ए.एस.) ने भी भागीदारी की और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश तेजी से वेलनेस एवं स्वास्थ्य पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, प्रदूर्षण मुक्त वातारवरण अपने आप में एक वेलनेस केंद्र है, जहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। पहाड़, झरना, नदी के बीच योगासन उठा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को म.प्र. पर्यटन की विशेषता पर जोर दिया और कहा कि यहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ही ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद हैं, विविध वन्य जीवन रोमांचित करता है। शहरी जीवन से दूर लोग अब मध्यप्रदेश के ऐसे ऑफबीट डेस्टिनेशन की और रुख कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पचमढी में संस्था साक्षी-द डिवाइन विटनेस के साथ मिलकर योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सतपुड़ा बायोस्फीयर परियोजना का एक अभिन्न अंग पचमढ़ी देश के सबसे समृद्ध एवं मनमोहक जंगलों में से एक है। यहां की समृद्ध वन्य जीवन, घास के विशाल मैदान, मनमोहक झरने एवं सुरम्य प्राकृतिक नजारों के बीच बैकवाटर के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते है। यहां के विविध परिदृश्य, हरे-भरे जंगल, नदियां और मनोरम वादियां मन, शरीर और आत्मा को जीवंत कर देते हैं।

देशभर से आए पर्यटकों ने यहां मोर शम्भो ध्यान में सूर्य क्रिया और जटाशंकर में चित्शक्ति ध्यान योगा किया गया। झरने के निकट मेडिटेशन, सूर्य कृपा, जटाशंकर मंदिर में भक्ति साधना, सनसेट पॉइंट पर चित्तशक्ति मेडिटेशन एवं जंगल ट्रेकिंग का भी आनंद ले रहे हैं।

## कुश्ती के नर्मदापुरम जिले के खिलाड़ियों का चयन 30 एवं 31 मई को भोपाल में किया जाएगा



**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश राज्य कुश्ती अकादमी भोपाल के नर्मदापुरम जिले के खिलाड़ियो का वर्ष 24-25 के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 30 एवं 31 मई 2024 को भोपाल में आयोजित किया गया है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया है कि प्रतिभा चयन में आयु गणना 31 मई 2024 की स्थिति में में किया जाएगा। नवीन खिलाड़ी इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से संपर्क कर अथवा मुख्य प्रशिक्षक महासिंह राव के मोबाईल नंबर 9868119398, सहायक प्रशिक्षक रेखा रानी मो.नं. 8950863330 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। 12 से 16 वर्ष व राज्य व राष्टीयस्तर के खिलाड़ी 12 से 18 वर्ष आयु की गणना की जाएगी। प्रतिभा चयन भोपाल में 30 एवं 31 मई 2024 को किया जाएगा।

## राजपूत को केंद्रीय नोटरी नियुक्त किए जाने पर अधिवक्ताओं में हर्ष



**नर्मदापुरम।** अधिवक्ता संघ के पूर्व सहसचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह राजपूत को केन्द्रीय नोटरी नियुक्त किए जाने पर अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष केके थापक, सचिव मनोज जराठे, कार्यकारणी सदस्य सौरभ तिवारी, प्रदीप तिवारी, प्रशांत तिवारी, दीलिप ठाकुर अधिवक्ता श्रीप्रकाश दुबे, अनिल गौर आदि मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

# 300 देसी पाव एवं 72 कैन बियर की बोतल सहित दो स्कूटी भी जप्त की

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय निर्माण परिवहन पर कार्यवाही के परिपेक्ष्य में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले अवैध शराब निर्माण विक्रय परिवहन संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17/05/2024 शुक्रवार को नर्मदापुरम शहर में प्रातः मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई इटारसी की तरफ से स्कुटियो द्वारा अवैध शराब लाई जा रही है। आबकरी स्टाफ रसूलिया क्षेत्र में पहुंचे पर अज्ञात आरोपियों द्वारा स्टाफ को देख कर शराब एवं वाहन छोड कर मौके से फरार हो गए। कार्यवाही में 300 पाव देशी शराब प्लेन एवं अवैध शराब परिवहन करते हुए एक स्कूटी जप्त की गई। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के अंतर्गत गैर जमानतीय प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।



आरोपी का पता लगाया जा रहा है। दौरान गस्त अन्य कार्यवाही में 72 बोतल केन बीयर एवं अवैध शराब परिवहन करते हुए एक स्कूटी जप्त की गई। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कुल जप्त की गई शराब एवं वाहनों की अनुमानित कीमत 1,88,200/- है। आज की कार्यवाही मे सहायक जिला आबकरी अधिकारी विनोद सल्लाम, आबकारी उपनिरीक्षक, वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आबकारी मुख्य आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर निमोदा, नर्मदप्रसाद मेहरा, आबकारी आरक्षक विकास लोखंडे, गणपत बोबडे , भावना यादव का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि मुखबिरों से सूचनायें प्राप्त कर आबकारी की टीमें संपूर्ण जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहीं है।

# जिला जेल का न्यायाधीश ने किया औचक निरीक्षण



रायसेन, दोपहर मेट्रो।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) तथा मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री अनिल कुमार सोहाने प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन के मार्गदर्शन में प्रभारी अध्यक्ष श्रीमती ऊषा गेडाम, विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) रायसेन द्वारा गत दिवस पठारी स्थित जिला जेल रायसेन का औचक निरीक्षण किया गया।

विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान बैरक में निरुद्ध सभी बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त है या नहीं, चिकित्सक द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है या नहीं, परिवारजनों से मिलने दिया जा रहा है या नहीं, न्यायालय में पेशियां हो रही है या नहीं, बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, साफ सफाई, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

साथ ही महिला बैरक का भी निरीक्षण कर निरुद्ध महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने जेल में स्थापित रसोई घर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष महोदया द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बंदियों को विशेषज्ञ सलाह हेतु शुरू की जा रही टेली-मेडिसिन की सुविधा के बारे में जानकारी ली। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव राव गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सौम्या साहू अस्थाना, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस उद्दीन अब्बासी, जेल अधीक्षक एसपी चैरे उपस्थित रहे।

मेट्रो एंकर

राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# भू-अर्जन कार्यवाही में तेजी के निर्देश, ताकि परियोजनाएं समय पर प्रारंभ हो सके: कलेक्टर



सीहोर, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अनुभागवार तथा तहसीलवार सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों के राजस्व संबंधी काम समय पर किए जाएं और उनकी शिकायतों का जल्द निराकरण किया जाए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों के मामले में निर्धारित समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा संबंधी प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे तथा प्रकरणों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करते हुए नियमानुसार उनका निराकरण किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन की शिकायतों के निराकरण का बेहतर माध्यम है। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें, ताकि आमजन को राहत प्रदान की जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम श्री राधेश्याम बघेल, जमील खान, तन्मय वर्मा, श्रीमती स्वाती मिश्रा सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## इन परियोजनाओं के भू-अर्जन की हुई समीक्षा

रामगंज मंडी -भोपाल नई बी.जी. रेल लाइन परियोजना के 09 ग्रामों के मूल भू-अर्जन प्रकरण में 342 कृषकों में से केवल 12 कृषकों की मुआवजा राशि का भुगतान शेष है। इसी परियोजना के 9 ग्रामों के पूरक भूअर्जन प्रकरण अवार्ड अनुमोदित होकर, 306 कृषकों में से मात्र 12 कृषकों की मुआवजा राशि का भुगतान शेष है। इसी प्रकार कन्याखेड़ी सिंचाई परियोजना के 351 किसानों में से केवल 10 किसानों का भुगतान किया जाना है। गुराड़िया जलाशय, सीप अम्बर परियोजना, पनिया जलाशय निर्माण परियोजना, महादेव बेन्द्रा जलाशय निर्माण , बुधनी इंदौर रेल लाइन परिजयोजना सहित अनेक परिजनाओं के लिए भू-अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि के भुगतान की समीक्षा की गई।

## 4392 नामान्तरण, 812 बंटवारा तथा सीमांकन के 459 प्रकरणों का निराकरण

बैठक में जानकारी दी गई कि जिलेभर में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत जिले में नामांतरण के 4447 दर्ज प्रकरणों मे 4392 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। बंटवारा के 879 में 812 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकारण सीमांकन के 474 में 459 प्रकरणों का निराकरण किया गया है, अभिलेख दुरुस्ती के 520 प्रकरणों में से 519 निराकृत किये गए हैं।

## 09 लाख से अधिक बकाया अर्थदंड वसूली के निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अरोपित बकाया अर्थदंड वसूली के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीहोर में 02 लाख 04 हजार, श्यामपुर में 15 हजार, आष्टा में 03 लाख 72 हजार 500, जावर में 31 हजार, इछावर में 63 हजार, भैरूंदा में एक लाख 58 हजार तथा रेहटी में 80 हजार रूपए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आरोपित बकाया अर्थदंड वसूली के निर्देश दिए हैं।





# धूल भरी आंधी के बाद हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली थोड़ी राहत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मई के महीने हो रहे मौसम में बदलाव के बाद जहां सुबह से चिल्लाती धूप के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो रहा था वहीं दोपहर के बाद तेज हवाओं के साथ मौसम में हुए बदलाव के बाद आसमान पर कले बदलो ने डेरा जमा लिया तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया थोड़ी सी देर में ही सड़क पर पानी पानी दिखाई दे रहा था तेज बरसात होने के कारण जहां तापमान में गिरावट हो गई उसके बाद शाम के समय मौसम में सुहाना हो गया इसका लुफ्त उठाने के लिए लोग घरों से बाहर निकले वैसे ही गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब हो रही थी दोपहर में सड़कों पर इक्का दुक्का वाहन ही दिखाई दे रहे थे। बरसात होने के बाद मौसम में ठंडा होने से उसका आनंद लेने के लिए लोग घर से बाहर निकले बारिश और आंधी के बाद बिजली भी गुल हो गई थी इसके कारण उपभोक्ताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जब भी हवा और बरसात चलती है तो इसी तरह बिजली गायब हो जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए बिजली वितरण कंपनी के द्वारा ठोस का कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस वजह से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मिलावट से मुक्ति अभियान तहत पेय पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही की गई

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने लिए दही-लस्सी के सैंपल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने मिलावट से मुक्ति अभियान तहत जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल सतत जारी है इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा गंजबासौदा नगरीय क्षेत्र के बरेठ रोड़ स्थित जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही की गई है।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं श्रीमती किरण एम श्रीवास्तव ने बताया कि जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से श्रीधी ब्रांड के मिल्क के तीन सैंपल, दही, लस्सी के सैंपल एकत्रित किए गए हैं। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा तहसील गंज बासौदा की खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले दुकान संचालकों को खाद्य लाइसेंस लेने की समझाइश दी गई तथा साफ-सफाई एवं खाद्य सामग्री मिलावट ना करने के निर्देश दिए गए।

कचरा गाड़ियों के बाद भी लोग फैंक रहे है सड़कों पर कचरा, दरोगा नहीं देते अपने वार्डो में ध्यान

## विधायक की चिंता के बाद भी कचरे से पटे नाले-नालियां, सीएमओ धरातल पर नहीं कर रहे काम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका की लचर व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। इस वजह से आम जनता को जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । शहर वासियों की शिकायतों के बाद क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भी पत्र लिखकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कार्य योजना बनाकर उचित सफाई करवाने के साथ अधिक वर्षा की भविष्यवाणी को देखते हुए क्या कार्य योजना बनाई गई है इसकी जानकारी भी मांगी है। पत्र लिखे हुए कई दिन बीत चुके हैं फिर भी नगर के हालात परिवर्तित होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा विधायक के पत्र के बाद भी शहर की व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए जमीन स्तर पर ठोस काम नहीं किया जा रहा है या फिर जानबूझकर शहर वासियों की समस्या को ठीक करने के लिए काम नहीं कर रहा है। दूसरी ओर सत्ता पक्ष तेजतर तर्राठ और जनता के लिए काम करने वाले के विधायक के पत्र के बाद भी नगर पालिका अधिकारी गंभीरता से काम नहीं करवा रहे हैं यह भी एक चिंता का विषय है लोगों का कहना है कि नगर पालिका अधिकारी जब विधायक के पत्र के बाद भी सही से काम नहीं कर रहा तो हमारे शिकायत पर क्या काम करते होगा इसका अंदाजा भी लगाया जा सकता है। इसके चलते नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट पड़ी हुई है। शहर के अधिकांश क्षेत्र की नालियां चौंक पड़ी हुई है, नालों की स्थिति कितनी ज्यादा खराब है कि यहां पर कचरे के सिवाय कुछ और नजर नहीं आ रहा है। यदि अभी एकदम से बारिश हो जाए तो इन क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात भी बन सकते हैं। इसके बाद भी इनकी सफाई नहीं कराई जा रही है, पहले भी बरसात होने पर यहां पर हालत बिगड़ चुके हैं जिसको लेकर विधायक की चिंता भी जनहित में उचित है। क्योंकि मौसम विभाग के द्वारा इस वर्ष अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है, उसको देखते उन्होंने श्री शर्मा ने नगर पालिका से विशेष सफाई अभियान चला कर नाले नालियों की सफाई कराकर उचित कार्य योजना बनाने के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। लेकिन उनके दिशा निर्देशों का भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर असर होते हुए दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं देखना है कि विधायक के निर्देशों पर कितने दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था जो चौपट पड़ी है उसमें परिवर्तन होगा या फिर इसी तरह कचरे से नाले नालियां भरे पड़े रहेंगे बरसात के दिनों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा या फिर अच्छी व्यवस्था विधायक के पत्र के बाद हो जाएगी।





### सत्ता पक्ष की नगरपालिका फिर भी हालत खराब

नीचे से लेकर ऊपर तक का भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बाद भी नगर वासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर अन्य कर्मचारियों के द्वारा अपने काम को गंभीरता से नहीं किया जाता है छोटे-छोटे कामों के लिए लोग परेशान होते रहते हैं। अध्यक्ष उपाध्यक्ष के द्वारा भी नगर की समस्याओं को लेकर गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है इसकी चर्चा आम जनता के द्वारा की जाती है। विधायक के पत्र के बाद लोगों को उम्मीद थी कि नगर की सफाई व्यवस्था बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा पर ऐसा होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। सही से सफाई नहीं होने से लोगों को गंदगी के कारण परेशानी हो रही है शहर के कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे रहते हैं जहां पर सार्वजनिक स्थान होने के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी होती हैं। कई स्थानों से तो कई दिनों तक गंदगी को उठाया नहीं जाता है। दूसरी ओर कचरे के ढेरे से मुक्ति दिलाने के लिए भी काम नहीं हो रहा है। इस वजह से आम जनता में भी नगर पालिका के प्रति आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। वहीं विधायक ने अपने पत्र में लचर व्यवस्था को लेकर आम जनता की शिकायतों और परेशानियों को लेकर कहा है की सफाई नहीं होने अतिक्रमण होने के कारण सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है इसलिए जनहित में विशेष अभियान चलाकर शहर को साफ-स्वच्छ अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लिखा है।

### दरोगा क्यूँ नहीं देते अपने वार्डो में ध्यान

वार्डों में देखा जा रही है की दरोगा सिर्फ सफाई कर्मियों की हाजरी लेकर गायब हो जाते है, अपने इलाकों नाही भ्रमण करते नहीं ये देखते की कहाँ सफाई होना है लोगों द्वारा सड़कों पर कचरा फैंका जा रहा है इनके विरुद्ध नहीं नपा में जानकारी देते है कई इलाकों में सफाई कर्मचारी सफाई कर भी देते है बाद में लोग कचरा फैक देते है उनके खिलाफ कोई कार्रवाही नहीं की जाती है जिसमे वार्ड न. 18 एवं 09 में यह देखा गया है कि लोग गलियों में दिनभर ही कचरा फैकते है, जिसकों खाने के लिये आवारा मवेशी भी गलियों में जमा रहती और बच्चों और महिलाओं का यहाँ से निकलना मुश्किल हो जाता है।

### इनका कहना है -

*हमारी दुकान के आगे की नली गंदगी से भरी पड़ी हुई है कई दिनों से उसकी सफाई नहीं हुई है इस वजह से हम लोगों को परेशानी हो रही है कई बार सफाई के लिए भी बोल चुके हैं।*

**प्रमोद सिंह** व्यापारी

*पत्र मिलने के बाद हमने विशेष सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया है मेरे द्वारा भी कई वार्डों का जायज है लेकर सफाई करवाई जा रही है।*

**पवन शर्मा**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी

वन विभाग की जमीन पर खेती करने की तैयारी

## पौधों में लगाई आग, जिम्मेदार हुए बेखबर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भूमाफियाओं के द्वारा अपना स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए जंगल को वैसे ही नष्ट कर दिया है जो कूछ जंगल बचा है उसको भी हड़पने की तैयारी की जा रही है। यह सब शहर के समीप हो रहा है पहाड़ी क्षेत्र में हो रहा इसकी भनक भी वन विभाग के जिम्मेदारी और कर्मचारियों को नहीं है। बैसे बन के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण नहीं जंगल जमीन में तब्दील हो रहा है। इस वजह से जंगल पूरी तरह से जमीन में तब्दील होता जा रहा शहर के आसपास के जंगल को भी नष्ट करने का काम अब भूमाफिया ने प्रारंभ कर दिया इसी क्रम में बाईपास के नीचे वाले सरकारी अनाज गोदाम के पास में वन विभाग की जमीन पर खेती करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जबकि कुछ दिन पहले ही वन बिभाग ने इस जमीन को बचाने के लिए तार फेंसिंग लगाई थी उस जमीन पर खड़े पेड़ पौधों में आग लगाकर उनको नष्ट करने का काम किया गया है । जिस तरह से पेड़ पौधों में आग लगाकर उनको नष्ट किया है उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि जल्दी ही भू माफिया इसको अपने कब्जे में लेने की सोच रहे हैं । तभी तो जंगल को नष्ट करके खेती करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। सबसे बड़ी बात है कि शहर के नजदीक वाले वन क्षेत्र को भी कब्जा करने का काम प्रारंभ कर दिया था इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है।



### इनका कहना है।

*हमारी जमीन में खड़े पेड़ पौधों को नष्ट करने का काम किया है तो हम जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे।*

**देवेश गौतम** वन परीक्षित अधिकारी सिरोंज

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 21 को

**विदिशा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बेठक मंगलवार 21 मई को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में प्रातः 10रू30 बजे से प्रारंभ होगी। समस्त अनुविभागीय अधिकारी प्रभारी अधिकारी, कलेक्ट्रेट, तहसीलदार, अति. तहसीलदार नायब तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों को मंगलवार 21 मई की प्रातः 10.30 बजे अद्यतन जानकारी के साथ उक्त बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर ने बताया कि बैठक में राजस्व संबंधी जिन बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी उनमें राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा- कलेक्टर न्यायालय, एसडीएम न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, समस्त तहसीलदार न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, नामान्तरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, राजस्व वसूली।

## रुक जाना नहीं की वार्षिक परीक्षाएं 20 मई से , जिला मुख्यालय पर 9 परीक्षा केन्द्रों में होंगी परीक्षाएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा परिषद भोपाल द्वारा आयोजित ओपन स्कूल (परंपरागत) द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड, रुक जाना नहीं एवं राज्य ओपन की वार्षिक परीक्षाएं 20 मई 2024 से प्रारंभ होने जा रही हैं। जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि उक्त परीक्षा विदिशा जिला मुख्यालय पर 09 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। जिन छात्रों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है वह अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें, बगैर प्रवेश पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, पेजर, सेल्यूलर फोन, हस्तलिखित पर्ची, मुद्रित पर्ची, पुस्तक, गाइड, कॉपी, कैलकुलेटर इत्यादि कोई भी सामग्री लेकर नहीं आएं। परीक्षा केंद्र पर तलाशी के उपरांत ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थी की सुविधा के लिए राज्य ओपन की साइट पर कई वीडियो अपलोड किए गए हैं जिनमें विषय से संबंधित विषय से संबंधित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा कठिन प्रश्नों को सरल तरीके से समझाया गया है अतः परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी के लिए साइड पर अपलोड वीडियो से भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

**मेट्रो एंकर**

पथरिया पुलिस ने पांच में से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया

## वेयर हाउसों से अनाज की चोरी करने वाले, गिरोह का पथरिया पुलिस ने किया खुलासा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

वेयरहाउसों से अनाज चोरियां की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पथरिया पुलिस ने पांच में से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनके पास से 637000 का मसरूका भी बरामद किया है। 6 मई को परसौर समिति के प्रबंधक जसवंत रघुवंशी ने वैदही वेयरहाउस से अनाज चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी इसके बाद पूरे घटनाक्रम की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसके बाद एसपी,एसपी पुलिस एसडीओपी कुरवाई के निर्देशन में पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज ने टीम बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया जिसकी जानकारी देते हुए पथरिया थाना प्रभारी ने बताया कि पथरिया, सिरोंज एवं कुरवाई के वेयरहाउस से अनाज चोरी करने वालो आरोपीगण जिसमें समीर शाह पिता रईस शाह उम्र 25 साल निवासी तराना जिला उज्जैन, साहिल खां पिता मुबारिक खां उम्र 21 साल निवासी ग्राम ताजपुर थाना पवांसा उज्जैन 3. फुद्दी उर्फ अजरूद्दीन खां 4. शानू खां 5. जावेद उर्फ काला निवासीगण ग्राम भौंरासा थाना बैरसिया जिला भोपाल है। साथ ही 1 बोलेरो पिकअप कीमती 6 लाख रूपये, 5 क्विंटल मसूर कीमती 30 हजार रूपये एवं नगदी 7000 रूपये कुल मशरूका कीमती 637000- रूपये का जप्त किया है।

### कार्रवाई में भूमिका

उनि.ऋतुराज सिंह, उनि वीरेंद्र पाल, सउनि.विजय सिंह, प्र आर पवन जैन प्र.आर. जितेन्द्र यादव, प्र.आर. जितेन्द्र शर्मा आर.246 शुभेन्द्र,आर. अंकुश,आर. रवि जादौन, आर. सोनू राजपू की रही।


### घटना का संक्षिप्त विवरण

6 मई को जसबंत सिह समिति प्रबंधक परसौरा द्वारा थाना उपस्थित आकर बैदेही वेयरहाउस ग्राम अहीरखेडी से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 38 बोरी मसूर कुल बजन 19 क्विटंल कीमती 122000- रूपये की चुराकर ले जाने के संबंध में आवेदन पेश किया जिस पर अपराध क्र. 80/24 धारा 457,380 भादवि का पंजबीद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 14.05.24 को वाहन मालिक समीर शाह पिता रईस शाह उम्र 25 साल निवासी तराना जिला उज्जैन एवं ड्रायवर साहिल खां पिता मुबारिक खां उम्र 21 साल निवासी ग्राम ताजपुर थाना पवांसा उज्जैन को मय वाहन बोलेरो पिकअप रजि.क्र. ड्च् 13 भ् 1943 के पकडा गया जिन से घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पिकअप 1943 कीमती करीब 600000-रूपये, 05 क्विंटल मसूर कीमती 30000- रूपये, नगदी 7000- रूपये जप्त करके आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया।







# मिलावट की घी-पनीर जब्त, संचालक दुकान से नदारद, सील

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




दूध से बने खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले द्वारा आरा मशीन रोड बैरागढ़ स्थित एक प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई की गई है। संचालक द्वारा 700 रुपये में दो किलोग्राम घी दिया जा रहा था। इसकी शिकायत प्रशासन को मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे अमले ने कार्रवाई की है। बताया जाता है कि दो घंटे तक संचालक विशाल पाल को अमले ने दुकान पर बुलाया , लेकिन वह नहीं आया। इस वजह से खाद्य लाइसेंस नहीं होने के कारण प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि विशाल पाल दिल्ली का रहने वाला है वह सस्ते घी के पर्चे वितरित कर बैरागढ़ में दुग्ध उत्पाद विक्रय कर रहा था। जानकारी के अनुसार आरा मशीन रोड बैरागढ़ में संचालित शुद्ध पनीर भंडार द्वारा 700 रुपये में दो किलोग्राम घी बेचने की शिकायत खाद्य सुरक्षा प्रशासन को मिली थी। मौके पर पहुंचे अमले ने देखा कि प्रतिष्ठान से घी बेचने के साथ ही 250 ग्राम पनीर भी मुफ्त में दिया जा रहा था। इससे अमले ने जांच-पड़ताल की और घी के नमूने लेकर 40 किलोग्राम घी जब्त किया गया है। साथ ही पनीर के नमूने लेने के साथ ही 40 किलोग्राम पनीर जब्त किया गया है।

# टीचर से बदमाश ने की अड़ीबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बागसेवनिया में रहने वाले एक स्कूल टीचर के साथ बाइक सवार तीन बदमाशों ने शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपए नहीं देने पर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक दीक्षा नगर बागमुंगालिया में रहने वाले सौरभ मेश्राम (26) एक निजी स्कूल में टीचर हैं। बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने साले जितेंद्र के साथ अस्सी फीट रोड स्थित क्लीनिक के सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच बाइक सवार तीन युवक पहुंचे। इनमें से एक युवक का नाम कृष्णा गिरी बताया गया है। कृष्णा ने शराब पीने के लिए सौरभ से पांच सौ रुपये मांगे तो उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया। इसके बाद कृष्णा और उसके साथियों ने सौरभ के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 1 जुलाई से लागू नए आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला

# गवाह कोर्ट की जगह थाने में जाकर वीसी से बयान दर्ज करा सकेंगे

## अब पीड़ित को भी देनी होगी चार्जशीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, जवाबदेह, भरोसेमंद और न्याय प्रेरित बनाने के प्रयास हैं। ये कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होंगे। यह बात डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने पीआईबी, भोपाल की तरफ से आयोजित नए कानूनों पर आयोजित कार्यशाला 'वार्तालाप' को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई तरीकों से व्यवस्था की गई है। 30 से अधिक ऐसे प्रावधान हैं, जो पीड़ितों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से प्राथमिकता देते हुए उनकी रक्षा करते हैं। डीसीपी प्रियंका ने कहा कि पहले चार्जशीट की प्रति सिर्फ आरोपी को दी जाती थी, अब पीड़ित को भी चार्जशीट की कॉपी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जांच में वैज्ञानिक तरीकों को बड़ावा देने पर जोर दिया गया है। नए कानून में गवाहों की भी सुरक्षा को लेकर भी प्रावधान है। अब गवाह को यदि कोई खतरा महसूस हो रहा है तो वह थाने में जाकर वीसी के जरिए कोर्ट में बयान दर्ज करा सकता है। इसी तरह डॉक्टर भी बयान दर्ज करा सकेंगे। अभी तक पुलिस सिर्फ अभियुक्त को चार्जशीट उपलब्ध कराती थी। अब नए कानून के तहत पीड़ित को भी फ्री में चार्जशीट देनी पड़ेगी। जिससे कि वह पुलिस की विवेचना को पड़ सके। कोई कमी होने पर वह पुलिस को चार्जशीट में साक्ष्य जोड़ने के लिए बता सके।




### न्याय प्रणाली में नए युग की शुरुआत

पीआईबी, भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नये युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने इन कानूनों के अन्य प्रावधानों के बारे में भी चर्चा की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पीआईबी, भोपाल के उप निदेशक डॉ. सत्येन्द्र शरण ने कहा कि नए कानूनों के लागू होने के साथ कोई व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में एफआईर दर्ज करा सकता है, भले ही थाने का कार्य क्षेत्र कुछ भी हो। साथ ही, एफआईआर की प्रति इलेक्ट्रोनिक तरीके से प्राप्त की जा सकती है। जांच में प्रगति के बारे में पुलिस द्वारा 90 दिनों के भीतर सूचित करना जरूरी होगा।

### इलेक्ट्रॉनिक-डिजिटल सबूत अब साक्ष्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी प्रियंका उपाध्याय ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का प्रयास तय समय पर न्याय दिलाना है। उपाध्याय ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध पर एक नया अध्याय सामाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर ज्यादा बल दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक-डिजिटल साक्ष्य अब साक्ष्य के अन्य रूपों के समान गिने जाएंगे। उपाध्याय ने कहा कि इन कानूनों में पीड़ितों को सशक्त बनाने के लिए बहुत सारे प्रावधान किए गए हैं।

**7 साल से अधिक सजा वाले क्राइम में फारेंसिक जांच:** डीसीपी ने बताया कि 7 वर्ष या इससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक अनिवार्य होगा। शुक्ला ने कहा कि ये कानून मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की अन्य विशेषताओं पर भी विस्तार से जानकारी दी।

# सेंट्रल जेल के सामने युवक की हत्या

## क्राइम ब्रांच और गांधी नगर पुलिस की दो टीम कर रही आरोपियों की तलाश

## चाकू लगने से गंभीर युवक का चल रहा इलाज, जांघ की नस कटने से सुरेंद्र की गई थी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेंट्रल जेल के सामने कल शाम चाकू गोदकर युवक की हत्या करने वाले चारों आरोपी बेसुराग है। उनकी तलाश में गांधी नगर पुलिस की दो टीम अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही है, जबकि क्राइम ब्रांच की टीम को भी आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगाया है। हालांकि आरोपियों का अभी तक सुराग नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी हत्या की वारदात करने योजनाबद्ध तरीके से आए थे। आरोपियों का पुराना रिकार्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस के अनुसार टीटी नगर निवासी 27 साल का सुरेंद्र कुशवाहा प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार शाम को अपने साथी विकास वर्मा के साथ सतीश खरे को छोड़ने के लिए जेल गया था। सतीश खरे हत्या



के मामले में पैरोल पर आया था। कल शुक्रवार शाम उसकी पैरोल की अवधि खत्म हो गई थी। सतीश को जेल छोड़ने के लिए सुरेंद्र के साथ सतीश का भाई ईशू और विकास वर्मा भी पहुंचे थे। सतीश को जेल में दाखिल कराने के बाद सुरेंद्र ईशू और विकास बाहर खड़े थे, तभी पंचशील नगर निवासी दीपांशु सेन, संदेश, छोटा फैसल और आकाश भदोरिया ने सुरेंद्र और विकास को घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगने से दोनों को गंभीर चोट आई थी दोनों को पास ही स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, वहां सुरेंद्र को प्राथमिक जांच में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विकास वर्मा को चाकू के दो गहरे घांव लगे थे। उसका ऑपरेशन कर दिया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि सुरेंद्र को जांघ में चाकू लगा था और उसकी जांघ की नस कट गई थी। अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

# वेंडर की हत्या करने वाला किन्नर दाहोद पैसेंजर से गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित रेलवे ब्रिज भौंरी पर रेलवे ट्रैक के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात वेंडर की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाले किन्नर फरजान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। दरअसल, वेंडर विनोद ट्रेन में नमकीन और अन्य सामाने बेचता था और किन्नर नेंग मांगता था। गिरफ्तार किन्नर फरजान ने पुलिस को बताया कि वेंडर उसकी मदद नहीं करता था और दूसरे किन्नरों की मदद करते हुए उसके बारे में गलत बताता था। इसी को लेकर उनका विवाद हुआ था।

**खाना खाने के लिए निकले थे वेंडर और किन्नर:** पुलिस की पूछताछ में पता चला स्टेशन रोड बैरागढ़ निवासी 40 साल का विनोद बुलानी पेशे से वेंडर था और बुधवार देर रात रेलवे स्टेशन के बाहर से उसने राजकुमार आटो वाले से तीन सौ रुपए में आटो बुक किया। आटो में विनोद और किन्नर फरजान 11 मील खाना खाने के लिए जा रहे थे। दोनों ने मिलकर साथ में बीयर पी थी। राजकुमार उन्हें 11 मील ले जा रहा था, इससे पहले भौंरी में रेलवे ब्रिज के पास विनोद और फरजान ने राजकुमार को आटो रोकने का कहा। आटो रुकने के बाद दोनों ब्रिज के नीचे पहुंचे थे। वहां दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर किन्नर ने विनोद पर पत्थर से हमला कर दिया।

### भौरी ब्रिज पर पत्थर से सिर कुचलकर की थी हत्या, दोनों में पहले से चल रहा था मनमुटाव

### हत्यारे किन्नर फरजान का आरोप, दूसरे किन्नरों की करता था मदद और करता था बुराई



**स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची थी पुलिस:** विनोद को घायल अवस्था में देखकर रेलकर्मियों ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर एंबुलेंस और डायल 100 पहुंची थी। इसके बाद विनोद को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान विनोद की मौत हो गई। पुलिस ने आटो चालक राजकुमार की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। विनोद की मौत के बाद हत्या की धारा बड़ा दी गई। पुलिस ने बताया कि किन्नर फरजान की तलाश के लिए पुलिस ने दो टीम बनाई थी। दोनों टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान आरोपी की लोकेशन दाहोद पैसेंजर में मिली और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**राजकुमार के हाथ में काटकर भागा था किन्नर:** सिर पर पत्थर से दो तीन बार हमला होने के कारण विनोद बेसुध होकर गिर गया था। चीख पुकार सुनकर राजकुमार मौके से पर पहुंचा और किन्नर फरजान को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी फजरान ने उसके हाथ में काट लिया और छूटकर भाग निकला।

# ग्रिल काट घुसे बदमाश, लाखों के जेवर चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रातीबड़ स्थित एक सूने मकान की खिड़की की ग्रिल काटकर भीतर घुसे बदमाश लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। इसी प्रकार निशातपुरा स्थित एक सूने मकान से चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर गायब हो गए। पुलिस के मुताबिक सुमन भदौरिया (50) जैन मंदिर के सामने, महावीर विहार, नीलबड़ में रहती हैं और गृहणी हैं। करीब ढाई महीने पहले मकान पर ताला लगाकर वह एक गमी में शामिल होने के लिए आगरा चली गई थी। गुरुवार को वापस लौटी और ताला खोलकर भीतर पहुंची तो घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लॉक भी टूटे हुए थे। आसपास देखा तो बाहर की खिड़की की ग्रिल कटी हुई थी। बदमाश अलमारियों में रखे लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर गायब हो चुके थे। चोरी के गए सामान की सूची और कीमत का खुलासा नहीं हो पाया है। इधर निशातपुरा थानांतर्गत देवकी नगर करोंद में रहने वाला सौरभ गुर्जर का पैतृक गांव बर्री बैरसिया में है। गांव में भंडारा होने के कारण पूरा परिवार गया हुआ था। बुधवार की रात सौरभ भी घर पर ताला लगाकर गांव चला गया। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर दीवान पलंग में रखा मां का सोने का हार, कान के टाप्स, चांदी की पायलें, नाक की नथनी और नकदी रुपये गायब थे।

# अस्पताल की पार्किंग से मरीज की मोटर सायकिल चोरी

**भोपाल।** बागसेवनिया स्थित निजी अस्पताल की पार्किंग से एक मरीज की मोटर सायकिल चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक अंजू श्रीवास्तव (52) मिसरोद में रहती हैं और गृहणी हैं। बीती चार मई को उनके पति जयदीप श्रीवास्तव को पेट में तकलीफ हुई तो इलाज कराने के लिए नारायण नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की और भर्ती होकर इलाज कराने लगे। तेरह मई को अस्पताल से छुट्टी होने के बाद पार्किंग में खड़ी बाइक उठाने पहुंचे तो वह गायब हो चुकी थी। तलाश करने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# युवती का किया अपहरण, धर्म परिवर्तन करने का बनाया दबाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल। अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित रीगल नेस्ट कॉलोनी अवधपुरी से युवती के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया था। युवती किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर गोविंदपुरा थाने पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी दी। गोविंदपुरा पुलिस ने अवधपुरी पुलिस को सूचना देकर युवती को सौंप दिया। युवती ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि उसे बादशाह



नामक युवक शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था और उसे धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 20 साल की युवती रीगल नेस्ट कॉलोनी अवधपुरी में रहती है। गत 13 मई को घर से रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। परिजन ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिजन उसकी गुमशुदगी लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और युवती की तलाश की। पुलिस उसे तलाश कर पाती इससे पहले वह खुद आरोपी के चंगुल से छूटकर गोविंदपुरा थाने पहुंच गई। वहां उसने अपने अपहरण और धर्म परिवर्तन की बात पुलिस को बताई। घटनास्थल अवधपुरी का होने कारण पुलिस अवधपुरी पुलिस को घटना की जानकारी दी। अवधपुरी पुलिस ने युवती से पूछताछ की तो उसने बताया कि पूर्व में वह अन्ना नगर में रहती थी। अन्ना नगर में बादशाह नामक युवक भी रहता था। दोनों में उस समय से ही पहचान थी। गत दिनों बादशाह ने उसे शादी का झांसा दिया और 13 मई को अपने साथ ले गया था। वह शादी करना चाहता था, लेकिन उसने शर्त रखी कि यदि इस्लाम धर्म को अपना लोगी तो शादी करुंगा।

# सीए के आफिस में घुसा चड्डी बनियान गिरोह, नकदी-चांदी के सिक्के चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बागसेवनिया के विद्यानगर स्थित एक चार्टर्ड एकाउंटेंट के कार्यालय में चड्डी-बनियान गिरोह घुस गया। बदमाश यहां से चांदी के सिक्के, दस हजार रुपये नकदी और कागजात समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बदमाशों की यह करतूत कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस के मुताबिक विजय शारदा चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं और विद्यानगर बागसेवनिया में रहते हैं। घर के पास ही उन्होंने अपना कार्यालय बना रखा है। बुधवार की रात करीब दस बजे वह कार्यालय बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर दराज में रखे दस हजार रुपये नकद, चांदी के छह सिक्के और अन्य सामान गायब था। उन्होंने जब सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो चड्डी-बनियान गिरोह के चार सदस्य कार्यालय में घुसते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर ओल्ड सुभाष नगर स्थित गुरुद्वारा के पास रामी बुधानी की स्कूटर पर टंगा बैग चोरी हो गया। बैग में दो हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन रखा हुआ था।

**मेट्रो एंकर**

## दो वाहन चोरों से चोरी की एक्टिवा और बाइक बरामद

# पैर से हैंडिल का लॉक तोड़कर करते थे बाइक चोरी, सुनसान में छिपाकर रखते थे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीटी नगर पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की एक्टिवा और दो बाइक बरामद की है। आरोपी हैंडिल पर पैर रखकर लॉक तोड़ते थे और फिर वाहन ले जाकर सुनसान इलाके में खड़ा कर देते थे। पुलिस के अनुसार इलाके से दो पहिया वाहन चोरी की शिकायतें मिल रही थी। पहली शिकायत 18 फरवरी को मिली। फरियादी ने बताया कि उसकी गाड़ी क्वालिटी रेस्टॉरेन्ट के सामने फ्री पार्किंग न्यू मार्केट टी टी नगर भोपाल से किसी ने चुरा ली। इसी प्रकारण 5 मार्च को एक अन्य फरियादी ने शिकायत करते हुए बताया कि न्यू मार्केट क्वालिटी पार्किंग के सामने किसी ने उसकी गाड़ी चुरा ली। 2 मई को भी न्यू मार्केट पिंक पार्किंग से एक फरियादी ने गाड़ी चोरी होने की शिकायत की थी। पुलिस ने सभी शिकायतों में प्रकरण दर्ज किए और आरोपियों की तलाश की। पुलिस ने जांच की और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी



कैमरों के फुटेज खंगाले इस दौरान पुलिस को दो संदिग्ध वारदात को अंजाम देते हुए नजर आए। दोनों का हुलिया मुखबिर तंत्र को भेजा गया। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने वाहन चोरी की बात स्वीकार ली। आरोपियों की पहचान जावेद खान पिता शौकत खान (24) आम वाली मस्जिद के पास जहांगीराबाद और आमिर खान पिता असरफ खान (22) सिलावटपुरा बरखेड़ी थाना जहांगीराबाद बताया। पुलिस ने बताया कि जावेद खान पर पूर्व में एक लूट और चोरी के तीन प्रकरण दर्ज है। जबकि आमिर खान पर पूर्व में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022